लखनऊ, बुधवार, 29 मार्च 2023 | Email: starexpressnews@gmail.com | वर्ष : 16 अंक : 35 | पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया

हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल ने ओबीसी समुदाय का किया अपमान : स्मृति ईरानी

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान करने के प्रयास में उन्होंने पूरे ओबीसी समुदाय का भी अपमान किया है। मीडिया को संबोधित करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा, श्यह पहली बार नहीं है जब गांधी परिवार ने दलित या पिछड़े समुदाय के लोगों का अपमान करने की कोशिश की है। जब एक महिला आदिवासी राष्ट्रपति बन गईं, तो भी गांधी परिवार के निर्देश पर एक कांग्रेस सदस्य द्वारा द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया गया। मंत्री ने कहा, उन्होंने (राहुल गांधी ने) संसद में पीएम मोदी को गाली दी और आरोप लगाया।

### 55 वर्षीय डॉक्टर ने चार साल की मासूम के साथ की छेड़छाड़

(एजेंसी) नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर में एक क्लीनिक में चार साल की बच्ची से कथित तौर पर छेड़छाड़ के आरोप में 55 वर्षीय डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, कथित घटना रविवार को हुई। घटना के एक दिन बाद दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में पीड़िता की मां ने कहा कि बच्ची के पेट में दर्द की शिकायत के बाद वह उसे अपने इलाके के एक क्लीनिक में जांच के लिए ले गई। क्लीनिक में प्रवेश करने के बाद महिला को याद आया कि वह अपना पर्स भूल गई थी और उसे लेने के लिए बाहर चली गई।''पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (ए) (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### हाथों में जलती मशाल ले सड़क पर उतरेंगे कांग्रेसी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी नेता राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ लाल किले से पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित टाउन हॉल तक विरोध मार्च निकालने की घोषणा की। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस सांसद शाम 7 बजे लाल किले से शुरू होने वाले लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च में हिस्सा लेंगे। सूत्रों के मुताबिक, मार्च के दौरान पार्टी के सांसद हाथों में जलती हुई मशालें थामे रहेंगे। कांग्रेस ने कहा कि वह गांधी की लोकसभा से अयोग्यता के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी और इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच पहुंचेगी। मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने और दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया था।

### तुच्छ लोगों की तुच्छ राजनीति, राहुल को बंगला खाली करने के नोटिस पर भड़के कपिल सिब्बल

(एजेंसी) नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनका आधिकारिक बंगला खाली करने के लिए कहे जाने को लेकर मंगलवार को सरकार पर निशाना साधा तथा इसे 'तुच्छ लोगों की तुच्छ राजनीति करार दिया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह मानहानि के एक मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किए गए राहुल गांधी को 22 अप्रैल तक उन्हें आवंटित सरकारी बंगला खाली करने को कहा गया है।

# उमेश पाल कांड, अतीक अहमद समेत तीन को उम्रकैद

- अतीक के भाई समेत सात बरी
- एमपी एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला

(संवाददाता)

लखनऊ । प्रयागराज की एक विशेष अदालत ने पूर्व विधायक राजूपाल हत्याकांड मामले के प्रमुख गवाह रहे उमेश पाल के अपहरण के 17 साल पुराने मामले में माफिया पूर्व सांसद अतीक अहमद समेत तीन आरोपियों को मंगलवार को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी। प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला ने 2006 में हुए उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक अहमद, उसके वकील सौलत हनीफऔर पूर्व सभासद दिनेश पासी समेत तीन आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 364 ए के तहत दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी।अदालत ने अहमद के भाई अशरफसमेत सात आरोपियों को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। मामले में 11 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान उनमें से एक की मौत हो गयी थी। माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फअशरफको उमेश पाल के अपहरण के मामले में प्रयागराज की एमपी-एमएलए अदालत में अपराह्न करीब 12 बजे पेश किया गया। अहमद को गुजरात की साबरमती जेल और अशरफ को बरेली जेल से



सोमवार को प्रयागराज में नैनी केन्द्रीय कारागार लाया गया था।उमेश पाल 25 जनवरी 2005 को बहुजन समाज पार्टी विधायक राजू पाल की हत्या के मामले का चश्मदीद गवाह था। राजू पाल हत्याकांड मामले में अतीक अहमद आरोपी है। उमेश ने आरोप लगाया था कि जब उसने अहमद के दबाव में पीछे हटने और झुकने से इनकार कर दिया तो 28 फरवरी 2006 को उसका अपहरण कर लिया गया था। अतीक, उसके भाई अशरफऔर चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफपांच जुलाई, 2007 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अदालत में पेश किए गए आरोप पत्र में 11 आरोपियों का जिक्र किया गया था।उमेश पाल और उसकी सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मियों की विगत 24 फरवरी को प्रयागराज में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पाल की पत्नी जया की शिकायत पर प्रयागराज के धूमनगंज थाने में अहमद, उसके भाई अशरफ पत्नी शाइस्ता परवीन, दो बेटों, सहयोगी गुड्डू मुस्लिम और गुलाम तथा नौ अन्य के खिलाफमामला दर्ज किया गया था।फूलपुर से समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद अतीक अहमद को जून 2019 में गुजरात की साबरमती केंद्रीय जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश में जेल में रहने के दौरान रियल एस्टेट व्यवसायी मोहित जायसवाल के अपहरण और मारपीट का आरोप लगने के बाद अतीक को साबरमती जेल भेजा गया था।अतीक अहमद उमेश पाल हत्याकांड सहित 100 से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद है।

### 23 साल पुराने मामले में मुखतार अंसारी बरी

#### लखनऊ जेल में जेलर से मारपीट का था मामला, साक्ष्य के अभाव आया फैसला

लखनऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 23 साल पुराने जेलर से मारपीट मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को बरी कर दिया है। न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में मुख्तार के अलावा उसके चार साथियों के खिलाफचल रहे केस में अपना फैसला सुनाया है। अभियोजन की ओर से पांचों पर लगे आरोप सिद्ध नहीं कर सका। सूत्रों के मुताबिक, मुख्तार और उसके चार साथी लालजी यादव, कल्लू पंडित, यूसुफचिश्ती और आलम के खिलाफतीन अप्रैल 2000 में जेलर से मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें मुख्तार के खिलाफ28 मार्च 2022 को आरोप तय किए गए थे। वहीं, अन्य चारों पर 17 अगस्त 2021 को आरोप तय हुए थे। जिसका सोमवार को फैसला दिया गया। लखनऊ के कारपाल एसएन द्विवेदी ने 3 अप्रैल 2000 लखनऊ के आलमबाग थाने में जेलर से मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर के मुताबिक, पेशी से वापस आए बंदियों को जेल में दाखिल कराया जा रहा था। उसी वक्त मुख्तार अंसारी के साथियों ने बंदी चांद से मारपीट शुरू कर दी। आवाज सुनकर कारापाल एसएन द्विवेदी और उपकारपाल बैजनाथ राम चौरसिया बंदीरक्षक स्वामी दयाल अवस्थी के साथ उसको बचाने पहुंचे। इस पर उन्होंने इन लोगों पर भी हमला बोल दिया था। किसी तरह अलार्म बजाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। इस मामले में युसुफचिश्ती, आलम, कल्लू पंडित व लालजी यादव आदि के साथ ही मुख्तार अंसारी को आरोपी बनाया गया था।

## संसदीय दल की बैठक में बोले पीएम मोदी, कड़ी लड़ाई के लिए रहें तैयार

(एजेंसी)

नई दिल्ली। संसद से लेकर सड़क तक कांग्रेस और अन्य तमाम विरोधी दलों की तरफ से राजनीतिक हमलों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में सभी सांसदों और नेताओं से कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को संसद भवन परिसर में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा जितनी तेजी से आगे बढ़ती जाएगी, चुनावों में जैसे-जैसे और जितनी तेजी से जीत हासिल करती जाएगी, विपक्षी दलों की तरफ से भाजपा के ऊपर हमला उतना ही ज्यादा तेज होता जाएगा। इसलिए सभी को एक कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रधानमंत्री के इस आह्वान को विपक्षी दलों की एकता की मुहिम के मद्देनजर आगामी चुनावों खासकर 2024 के लोक सभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने, सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी को लोगों तक पहुंचाने के साथ ही गैर राजनीतिक कार्यों एवं अभियानों में भी बढ़-चढ़कर शामिल होने को कहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्देश को सांसदों के लिए एक चेतावनी के तौर पर भी बताया जा रहा है कि लोक सभा चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दीजिए अन्यथा चुनाव जीतने के लिए पार्टी को उनके विकल्प पर विचार करना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को अगले 15 दिनों में अपना ब्लूप्रिंट उनके कार्यालय भेजने को कहा है कि वे 15 मई से 15 जून के एक महीने के दौरान केंद्र सरकार द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं का अपने-अपने क्षेत्र में किस तरह से प्रचार प्रसार करेंगे। दरअसल, भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के सभी सांसदों को केंद्र सरकार के 9 साल की उपलब्धियों और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को देश की जनता तक पहुंचाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में एक महीने तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। संसदीय दल की बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों को 15 मई से 15 जून यानी एक महीने तक केंद्र सरकार द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात का उदाहरण देते हुए धरती बचाओ, धरती मां पुकार रही है जैसे गैर राजनीतिक कार्यक्रमों से भी सभी सांसदों को जुड़ने का आह्वान किया। मेघवाल ने आगे बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है और 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन है । पार्टी 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक के सप्ताह को सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाएगी।

## यूपी में तीन सड़क दुर्घटनाओं में 11 लोगों की मौत, कई घायल

### हरदोई में 5, रायबरेली में 3 और बस्ती में 3 लोगों की गई जान

(संवाददाता)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के तीन जनपदों में हुए तीन सड़क हादसों में आल ग्यारह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। हरदोई के कोतवाली देहात इलाके में वैगनआर कार और ई-रिक्शा में भीषण टक्कर हो गई जिसमें कार की जोरदार टक्कर से 5 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 घायल हुए है। एसपी ने घटनास्थल का जायजा लिया। कोतवाली देहात के नयागांव के पास वैगनआर कार ने ई- रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन की मौके पर मौत हो गई जबकि दो की इलाज के दौरान मौत हुई है। घायल पांच लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। ई-रिक्शा सवार हरदोई से घर जा रहे थे जबकि कार सवार लखनऊ से हरदोई की ओर आ रहे थे। आमने-सामने कार और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई जिसमें मासूम समेत तीन की मौके पर और दो की इलाज के दौरान मौत हो गई।एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ रोड पर कार और ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर हुई है जिसमें मासूम समेत तीन की मौके पर मौत हो गई जबकि दो की इलाज के दौरान मौत हुई है। हादसे में पांच अन्य घायलों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उधर बस्ती जिले में बाइक से जा रहे तीन युवकों की मौत हो गई। नगर पंचायत गायघाट के पास बने बनहरा सीएचसी के सामने विपरीत दिशा में आ रही दो मोटरसाइकिल आपस में भिड़ गई, पीछे से आ रहा एक ट्रक सड़क पर गिरे हुए युवकों पर चढ़ गया। ट्रक चढ़ने के बाद बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और अन्य दो लोग गंभीर



रूप से घायल हो गए हैं। कलवारी पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और तीनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ट्रक पुलिस के कब्जे में है। दो बाइक की आमने-सामने के भिड़ंत के बाद बाइक पर सवार जीजा-साले और एक अन्य सड़क पर गिर पड़े। तभी एक ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया। गोरखपुर के हरपुर बुदहट थानांतर्गत समुदा सोनबरसा गांव निवासी झिन्नू की बेटी खुशबू 16 वर्षीय बस्ती के कलवारी थानांतर्गत मुरादपुर गांव में मौसी के घर आई थी। झिन्नू अपने साले सुरेन्द्र 35 वर्ष के साथ बेटी को ले जाने बाइक से बस्ती आए थे।तीनों दोनों बाइक से गोरखपुर की तरफ लौट रहे थे।गायघाट नगर पंचायत में सीएचसी बनरहा के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई।

## लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है विपक्ष : सूत्र

(एजेंसी)

नई दिल्ली। कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया राहुल गांधी की सदस्यता जाने और अडानी के मुद्दे पर विपक्ष लगातार हमलवार है। इसकी को देखते हुए विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार किया जा रहा है। इससे पहले सोमवार की शाम को कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर 18 पार्टियों की बैठक हुई थी। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिये जाने के विरोध स्वरूप काले कपड़े पहनकर आए कांग्रेस के सदस्यों ने मंगलवार को निचले सदन में भारी हंगामा किया। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर करीब सात मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस के कुछ सांसदों ने प्रश्नकाल में कागज फाड़कर आसन की ओर फेंके और एक सदस्य ने आसन के सामने काला कपड़ा रखने का भी प्रयास किया। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे सदन की बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति रमा देवी ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत कराए। इस दौरान कांग्रेस सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। शोर-शराबा नहीं थमने पर पीठासीन सभापति ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित किए जाने की मांग करते हुए विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा में मंगलवार को भी हंगामा किया जिससे उच्च सदन में लगातार 11वें दिन भी गतिरोध जारी रहा और एक बार के स्थगन के बाद बैठक को दोपहर दो बजकर तीन मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे की वजह से उच्च सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। पूर्वाह्न 11 बजे बैठक शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए।

### बंगला खाली करने की नोटिस का करेंगे पालन : राहुल गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपना तुगलक लेन बंगला खाली करने के लिए कहे जाने के एक दिन बाद मंगलवार को कहा कि सांसद के तौर पर अयोग्य ठहराए जाने के बाद वह लोकसभा सचिवालय के निष्कासन नोटिस का पालन करेंगे। उन्होंने कहा,लोकसभा के लिए चार बार निर्वाचित सदस्य के रूप में यहां बिताए समय की सुखद यादें हैं। उन्होंने कहा कि वह आवास खाली करने के नोटिस का पालन करने को बाध्य हैं।

### पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट में कहा, अमृतपाल को जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा

(एजेंसी)

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में कहा कि अलगाववादी अमृतपाल सिंह को जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा। पुलिस ने 18 मार्च को पंजाब में अमृतपाल और उसके संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी और अमृतपाल उसके बाद से लापता है। जस्टिस एन. एस. शेखावत की अदालत वकील ईमान सिंह खारा द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में अमृतपाल सिंह को कथित पुलिस हिरासत से रिहा करने का अनुरोध किया गया है। खारा ने हाल ही में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। याचिका में दावा किया गया है कि अमृतपाल पुलिस की अवैध हिरासत में है। सुनवाई के दौरान पंजाब के महाधिवक्ता विनोद घई ने बताया कि अमृतपाल को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। अदालत भवन के बाहर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि महाधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि वे अमृतपाल को पकड़ने के करीब हैं।

## संसद में जारी रहेगा गतिरोध, जल्दी खत्म हो सकता है बजट सत्र

(एजेंसी) नई दिल्ली। संसद में गतिरोध जारी रहने के कारण बजट सत्र जल्दी समाप्त होने की संभावना है। बजट सत्र 6 अप्रैल को समाप्त होने वाला है, लेकिन विभिन्न मुद्दों पर जारी गतिरोध के साथ, सूत्र कह रहे हैं कि यह जल्द ही अनिश्चितकाल के लिए समाप्त हो सकता है। विपक्ष ने अदानी समूह मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की अपनी मांग पर अडिग रहने का फैसला किया है। विपक्षी सांसदों ने जेपीसी की मांग और राहुल गांधी की अयोग्यता के खिलाफ भी लोकसभा में स्थगन नोटिस दिया। विपक्षी दलों के नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर एक बैठक में भाग लिया और जेपीसी पर अपना विरोध जारी रखने का फैसला किया। अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बैठक में मौजूद थे। बैठक में डीएमके, एनसीपी, जद(यू), बीआरएस, सीपीआई(एम), सीपीआई, आप, एमडीएमके, केसी, टीएमसी, आरसीपी, आरजेडी, जेएंडके एनसी, जेयूएमल, वीसीके, एसपी और जेएमएम शामिल हुए। विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से जेपीसी की मांग के लिए दबाव बनाने और संसद में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने ट्वीट में कहा, एक आदमी को बचाने के लिए, मोदी जी 140 करोड़ लोगों के हितों को रौंद रहे हैं। पीएम के श्परम मित्रश् की रक्षा के लिए भाजपा जनता के मुद्दों पर चर्चा करने वाली संसद को ठप कर देती है। अगर कोई गलत नहीं है, तो सरकार संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जांच की विपक्ष की मांग से क्यों कतरा रही है।



### भाजपा से चुनावी जंग के मूड में केजरीवाल, पीएम मोदी के खिलाफ 30 मार्च को देशभर में पोस्टर लगाएगी आप

(एजेंसी)

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) 30 मार्च को देशभर में 11 भाषाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफपोस्टर लगाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, ''आम आदमी पार्टी 30 मार्च को देशभर में पोस्टर लगाएगी। पार्टी की सभी राज्य इकाइयों को अपने-अपने राज्यों में पोस्टर लगाने को कहा गया है। पोस्टर 11 भाषाओं में छापे गए हैं। बता दें कि पिछले हफ्ते ''मोदी हटाओ, देश बचाओ के पोस्टर राष्ट्रीय राजधानी में दीवारों और बिजली के खंभों पर लगाए गए थे। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और 49 प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके बाद भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में''केजरीवाल हटाओ, दिल्ली बचाओ के पोस्टर लगाए थे।

# संपादकीय

## रक्षा प्राथमिकताएं

ऐसे वक्त में जब दुनिया में युद्ध लगातार हाईटेक होते जा रहे हैं, और चीन व पाकिस्तान की तरफ से निरंतर प्रतिरक्षा संबंधी नई-नई चुनौतियां मिल रही हैं, हमें अपनी रक्षा तैयारियों में किसी भी तरह की ढील नहीं देनी चाहिए। इसके लिये उन्नत तकनीक वाले हथियारों से सेना को तुरंत लैस करने तथा रक्षा परियोजनाओं के लक्ष्य भी समय से पूरा करने की सख्त जरूरत है। रक्षा मामलों पर संसद की स्थायी समिति द्वारा बीते मंगलवार को लोकसभा में पेश की गई रिपोर्ट में ऐसी तमाम चिंताओं का जिक्र किया गया है। समिति भारतीय सेना के सामने विद्यमान चुनौतियों का विस्तृत उल्लेख करती है। रिपोर्ट में चिंता व्यक्त की गई है कि वायु सेना को आपूर्ति के लिये हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा तैयार किये जा रहे तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एलसीए की सप्लाई में देरी हुई है। वायुसेना की जरूरतों को देखते हुए सरकार को आगाह किया गया है कि बिना अधिक समय गंवाए पांचवीं पीढ़ी के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान खरीदने पर तुरंत विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, ये आधुनिक विमान थल सेना को हवाई सहायता, नजदीकी युद्ध और जमीनी हमलों से देश को सुरक्षित करने की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं। यहां उल्लेखनीय है कि एक अन्य संसदीय पैनल ने भी इस समस्या की ओर दो साल पहले ध्यान दिलाया था। पैनल का कहना था कि हितधारकों के बीच समन्वय की कमी और निगरानी एजेंसियों के द्वारा समय सीमा निर्धारित करने के लिये ढुलमुल दृष्टिकोण के चलते तेजस प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन में विलंब हुआ है। यह स्वीकार्य नहीं है कि प्रमुख लड़ाकू जेट के डिजाइन, सिस्टम और हथियारों को उन्नत बनाने के मुद्दे में अनावश्यक विलंब हो। निस्संदेह, ऐसी महत्वपूर्ण परियोजना में विलंब से जहां लागत बढ़ जाती है, वहीं समय की चुनौती का मुकाबला करना कठिन हो जाता है। ऐसे में नियामक तंत्र को सजग, सचेत और समय पर आपूर्ति के लिये क्रियाशील रहने की जरूरत है।

इसमें दो राय नहीं कि चारों दिशाओं से देश की घेराबंदी करने वाले चीन और हमेशा भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त रहने वाले पाकिस्तान की चुनौती को देखते हुए हमें हर समय उच्च स्तर की रक्षा तैयारियां बनाये रखने की आवश्यकता है। यही वजह है कि संसदीय समिति ने सुझाव दिया है कि चीन व पाकिस्तान की चुनौती को देखते हुए सेना के पूंजीगत बजट को अविलंब बढ़ाया जाये। सीमा पर लगातार उपस्थित खतरे के चलते ऐसा करना अपरिहार्य ही है। निस्संदेह, हर तरह से सेना की क्षमता बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। रक्षा संसाधनों का आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण भी समय की मांग है। सरकार कोशिश करे कि इस कार्य में वित्तीय संसाधनों की कमी न हो। वहीं यह भी जरूरी है कि रक्षा जरूरतों के स्वदेशीकरण व आधुनिकीकरण के लिये आवंटित धन का अधिकतम उपयोग होना चाहिए। साथ ही यह भी कि इनका लाभ सेना को समयबद्ध ढंग से मिले। निस्संदेह, सेना का लगातार बढ़ता आयात बिल एक अन्य बड़ी चुनौती है। ऐसे में आयात कम करना हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। आयात तब कम होंगे जब देश सैन्य उपकरणों व आधुनिक हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा। ऐसे में हमें न केवल सेना की जरूरतों को देखते हुए उत्पादन बढ़ाना है, बल्कि देश में तैयार सैन्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने की भी जरूरत है। निस्संदेह, यदि देश में स्वदेशीकरण के अभियान को गति दी जाती है तो न केवल हम अपनी जरूरतें देश में ही पूरा कर सकेंगे, बल्कि निर्यात के जरिये दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी हासिल करके अर्थव्यवस्था को संबल दे सकते हैं। विदेशी स्रोतों पर हथियारों की निर्भरता कम करने से हम अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में कामयाब होंगे। लेकिन जरूरी है कि हम विमान, हथियार व अन्य उपयोगी उपकरणों की आपूर्ति समय सीमा के भीतर करें। इस कार्य में सक्षम व योग्य भारतीय निजी उत्पादकों को भी मौका दिया जाना चाहिए। यह जानते हुए कि 21वीं सदी के युद्ध बहुत हाईटेक हो चले हैं। जिसमें रेडी-टू-यूज हथियारों की खास अहमियत है। यह जानते हुए कि किसी सशस्त्र संघर्ष में पिछड़ने के मायने हैं कि शिकस्त को टाला नहीं जा सकेगा।

## राहुल गांधी को सजा

राहुल गांधी को 2019 के चुनावों के दौरान कर्नाटक में दिए एक बयान पर अब सूरत के सत्र न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाई है। राहुल गांधी ने नीरव मोदी और ललित मोदी जैसे भगोड़ों का जिक्र करते हुए कहा था कि सभी चोरों का सरनेम यानी उपनाम मोदी क्यों होता है। इस बयान पर राहुल गांधी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत केस दर्ज किया गया था। चार साल पुराने इस आपराधिक मानहानि प्रकरण में अब राहुल गांधी को सजा सुनाई गई, हालांकि उन्हें अदालत से जमानत भी मिल गई, साथ ही ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए 30 दिनों का समय दिया गया है। इस घटना के बाद देश में राजनीतिक हलचल का तेज होना स्वाभाविक है। क्योंकि एक पक्ष में राहुल गांधी हैं और दूसरे पक्ष में भाजपा। दरअसल भाजपा के लिए राहुल गांधी एक ऐसी उलझन बन चुके हैं, जिनसे किस तरह पार पाया जाए, यह भाजपा समझ ही नहीं पा रही है।

उन पर व्यक्तिगत आक्षेप लगाए गए, छवि खराब करने में मीडिया का सहारा लिया गया, उनके परिवार पर, परिजनों पर अशोभनीय टिप्पणियों के साथ निम्नस्तर के आरोप लगाए गए, लेकिन राहुल गांधी किसी भी प्रहार से जरा सा भी विचलित नजर नहीं आ रहे हैं। और ये एक-दो बरस की बात नहीं है, पिछले 20 सालों से ऐसा ही चलता आ रहा है और राहुल गांधी व्यक्तिगत, राजनैतिक तमाम तरह के हमलों का सामना करते हुए अपनी बात बेधड़क रखते चले जा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने 4 हजार किमी की लंबी पदयात्रा करने का अद्भुत और लगभग असंभव काम संभव कर दिखाया। इस पूरी यात्रा के दौरान भाजपा के उन पर हमले जारी रहे। इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में उनसे कई घंटों की लंबी पूछताछ हुई, उसमें भी राहुल गांधी ने धैर्यपूर्वक सारे सवालों का जवाब दिया, जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग किया। संसद में उनसे माफी की मांग पर रोज सत्र ठप्प करवाए जा रहे हैं, तब भी राहुल गांधी अपनी बात पर अडिग हैं और माफी मांगने तैयार नहीं। उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की तैयारी भी भाजपा कर रही है, जिससे उनकी लोकसभा सदस्यता जा सकती है। और अब सूरत की अदालत से दो साल की सजा का फैसला आ गया है। जिसके बाद फिर सवाल उठने लगे हैं कि क्या इससे राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हो जाएगी।

क्योंकि जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक अगर किसी सांसद या विधायक को 2 या 2 साल से अधिक की सजा सुनाई जाती है, तो उनकी सदस्यता रद्द हो जाती है साथ ही छह साल के लिए वे चुनाव भी नहीं लड़ सकते। राहुल गांधी को अब इस मामले में गुजरात हाईकोर्ट में अपील कर, इस फैसले पर स्टे लेना होगा। यानी फिलहाल राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के आसार हैं। लेकिन इससे उनसे अधिक तकलीफ भाजपा को हो सकती है। राहुल गांधी जब तक सांसद हैं, तब तक उन्हें घेरना आसान रहेगा। लेकिन जिस दिन वे संसद से बाहर होंगे, उस दिन जनता के बीच उनकी पैठ और गहरी हो जाएगी। वैसे भी सूरत की अदालत के फैसले के बाद उन्होंने गांधी जी के आदर्शों को याद करते हुए ट्वीट किया है कि श्मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन। उन्होंने अदालत में ये भी कहा कि वो किसी समुदाय को अपने बयान से ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे। अगर यह फैसला छह महीने पहले आया होता, तब शायद भाजपा इसका कुछ लाभ ले सकती थी। लेकिन अब तो राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद वाले शख्स हैं, जिन्होंने पूरी यात्रा के दौरान नफरत के खिलाफ प्यार का संदेश दिया है। लाखों लोगों ने उनके इस संदेश को सुना और महसूस किया है। इसलिए अब राहुल गांधी के लिए सहानुभूति और बढ़ेगी। बस अब कांग्रेस को यह तय करना है कि वह इस मामले में शब्दबाण ही चलाएगी या फिर इस मौके का लाभ उठाकर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करेगी। यह संयोग ही है कि राहुल गांधी को 23 मार्च के दिन सजा सुनाई गई। 23 मार्च भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस है। इसी तारीख को मशहूर क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह संधू उर्फ पाश की खालिस्तानियों ने हत्या कर दी थी।

# ज्ञान, शिक्षा और संवेदना सफल जीवन के अंतर्निहित अवयवस

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता, मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही, बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत



कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है, जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था, उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि श्पाप से घृणा करो पापी से नहींश् फ्ल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था, उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना किश् ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैंश्। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफ्लतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक से अर्जित ज्ञान के उपयोग इनके संरक्षण में करने में हम सक्षम भी हैं। अतः प्राचीन काल से मान्यता रही है कि सार्थक, सफ्ल, एवं प्रेरणादाई जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान का समन्वय कारी सदुपयोग एक आवश्यक तत्व है, इसके अभाव में जीवन कितना सार्थक सफ्ल और मार्गदर्शी नहीं हो सकता है।

# राजस्थान में मुफ्त चिकित्सा

**आदित्य नारायण**

लोकतान्त्रिक व्यवस्था में स्वास्थ्य व शिक्षा ऐसे क्षेत्र होते हैं जिनकी पूरी जिम्मेदारी चुनी हुई सरकारों की ही होती है। भारत के संविधान में जिस 'लोक कल्याणकारी राज' की स्थापना की कल्पना की गई है उसके मूल में यही सिद्धान्त है कि लोगों द्वारा चुनी गई सरकार का यह प्राथमिक दायित्व होगा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाएं उसकी पहुंच के भीतर सुलभ कराई जायें। प्रत्येक गरीब से गरीब नागरिक की शिक्षा व स्वास्थ्य की गारंटी देना राज का ही काम है क्योंकि इन दोनों क्षेत्रों में किया गया सरकारी निवेश ऐसा दीर्घकालीन स्थायी निवेश होता है जिससे देश के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। केवल शिक्षित व स्वस्थ नागरिक ही देश की सेवा के किसी भी काम में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभा सकता है। इसी वजह से भारत की संसद ने 'शिक्षा के अधिकार' का कानून 2012 में जाकर बनाया था जिसके तहत भारत में जन्म लेने वाले प्रत्येक बालक को 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त शिक्षा पाने का अधिकार मिला। इसे राइट टू एजुकेशन कहा गया। इसी प्रकार भारत में साठ के दशक से ही मांग होती रही है कि नागरिकों को राइट टू हेल्थ भी दिया जाये जिससे भारत के प्रत्येक गरीब नागरिक के स्वास्थ्य की समुचित देखभाल हो सके।

यह देश गांधी का देश है और महात्मा गांधी ने आजादी से पहले ही अपने अखबार हरिजन में लेख लिख कर एकाधिक बार ऐलान किया था कि लोकतन्त्र में जो सरकार अपने लोगों की दैनिक आवश्यकताओं से लेकर स्वास्थ्य व शिक्षा की व्यवस्था नहीं कर पाती वह सरकार नहीं होती बल्कि अराजक तत्वों का जमघट होती है। आज दुनिया भर में गांधी के ट्रस्टीशिप के सिद्धान्त पर चर्चा होती है तो हम भूल जाते हैं कि गांधी का सबसे बड़ा सिद्धान्त 'मानव सम्मानवाद' था। गांधी मानव के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते थे और अपने आजादी के आंदोलन में भी उन्होंने इस विचार को सबसे ऊंचे पायदान पर रखा जिसका अक्स हमें भारत के संविधान में साफ दिखाई पड़ता है। नागरिक के सम्मान व उसकी निजी स्वतन्त्रता की कीमत पर भारत के पूरे संविधान में लोकतन्त्र की स्थापना को कहीं भी प्रतिष्ठापित नहीं किया गया है। स्वास्थ्य के अधिकार का मामला भी यहीं जाकर जुड़ता है और राजस्थान की अशोक गहलौत सरकार ने इस सन्दर्भ में पूरे देश में पहल करके जो ऐतिहासिक काम किया है वह अन्य राज्य सरकारों के लिए आने वाले समय में एक नजीर की तरह काम करता रहेगा और उन्हें लोक कल्याण की तरफ प्रेरित करता रहेगा।

बेशक 1991 से भारत की आर्थिक नीति में



बदलाव आने के बाद से लोकल्याणकारी राज के विचार को झटका लगा है परन्तु इस व्यवस्था के बीच भी ऐसे उपाय खोजे जा सकते हैं जिनसे गरीब जनता के सुखी जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त हो सके। यह तो हकीकत है कि बाजार मूलक अर्थव्यवस्था का दौर शुरू होने के बाद स्वास्थ्य व शिक्षा जैसे आधारभूत क्षेत्र भी बाजार की ताकतों या कार्पोरेट क्षेत्र के भरोसे छोड़ दिये गये और ये क्षेत्र देखते ही देखते अधिकाधिक मुनाफा कमाने के व्यापार में तब्दील हो गये। इस व्यवस्था में गरीब आदमी के बीमार पड़ने को भी लाभ कमाने का जरिया बना दिया गया। जबकि भारतीय संस्कृति में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र ऐसे होते थे जिनमें सेवा करना ही परम पुण्य कमाने का जरिया होता था। मगर ये सेवा क्षेत्र तिजारत में बदलते गये और गरीब आदमी की हिम्मत किसी डाक्टर के पास जाकर इलाज कराने की समाप्त होती गई। श्री गहलौत ने अपने राज्य के प्रत्येक नागरिक की चिकित्सा कराने की जिम्मेदारी सरकार के कन्धों पर डाल कर सिद्ध किया है कि राजस्व के स्रोतों पर पहला अधिकार गरीब आदमी का ही होता है और लोकतन्त्र में यह तभी संभव हो सकता है जबकि सरकार अपनी जिम्मदारी किसी दूसरे के कन्धों पर न डाले। इस नीति से सरकारी क्षेत्र में न केवल कारगर स्वास्थ्य व चिकित्सा तन्त्र का विकास होगा बल्कि हजारों लोगों को सरकारी नौकरियां भी मिलेंगी। इन सबसे ऊपर लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार गरीब से गरीब आदमी के प्रति सीधे जवाबदेह बनेगी। भारत के लोकतन्त्र को सहभागी लोकतन्त्र इसीलिए कहा जाता है जिससे आर्थिक व सामाजिक रूप से सबसे अन्तिम पायदान पर खड़े नागरिक को भी आभास हो सके कि उसके एक वोट से चुनी हुई सरकार में उसकी भी भागीदारी है और सरकार उसके प्रति भी जवाबदेह है। राजस्थान विधानसभा में जो स्वास्थ्य के अधिकार का विधेयक पारित किया गया है उसमें प्रावधान है कि पूरे प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल में किसी भी नागरिक का शुरू से लेकर आखिर तक मुफ्त इलाज होगा । इसके साथ ही कुछ निजी बड़े अस्पतालों को भी चिन्हित किया गया है जहां नागरिक अपनी चिकित्सा के लिए जा सकेंगे। इसमें इलाज का जितना भी खर्चा आयेगा उसकी भरपाई सरकार करेगी। मगर सबसे बड़ा सवाल स्वास्थ्य को अधिकार के रूप में स्वीकार करने का है। लोकतन्त्र का यह परम सिद्धान्त होता है कि इसमें नागरिकों को जो भी सुविधाएं मिलती हैं वे देर से तो मिल सकती हैं परन्तु जो भी मिलती हैं वे उनके संवैधानिक या कानूनी अधिकारों के रूप में मिलती हैं। जबकि अन्य व्यवस्थाओं में ये सुविधाएं शासकों की कृपा से मिलती हैं। गांधी ने अपने लोकतन्त्र के सिद्धान्त में इस मुद्दे पर भी विशेष प्रकाश डाला था और कहा था कि लोकतन्त्र में नागरिक जितने मजबूत और सशक्त होंगे उतना ही लोकतन्त्र भी मजबूत होगा।

# लोकसभा चुनाव में भगवा खेमे से एक और ब्यूरोक्रेट ताल ठोंकने की तैयारी में

**अजय कुमार**

हाल फिलहाल में 2022 के विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही कानपुर के कमिश्नर असीम अरुण ने वीआरएस के लिए आवदेन किया तो प्रवर्तन निदेशालय के जॉइंट डायरेक्टर राजेश्वर सिंह का भी वीआरएस आवदेन स्वीकार कर लिया गया। अब दोनों बीजेपी से विधायक हैं और एक तो मंत्री भी हैं। उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में आजकल एक आम चर्चा सुनने को मिल रही है। चर्चा इस बात कि है कि जल्द ही यूपी कैडर का एक नामित और चर्चित नौकरशाह जोकि कुछ ही माह में सेवानिवृत्त होने वाला है, वह जल्द ही राजनीति के मैदान में अपनी दूसरी 'पारी' शुरू कर सकता है। यह वही अधिकारी है जिसने सपा प्रमुख मुलायम सिंह के एक इशारे पर अखिलेश सरकार के समय लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे मात्र ढाई वर्षों में तैयार करा दिया था, जिस पर जगुआर जैसे फाइटर प्लेन तक की लैंडिंग कराई गई थी। यही नौकरशाह कोरोना काल में खादी विभाग के प्रमुख सचिव रहते आनन-फानन में पचास लाख खादी के मास्क तैयार कराने की महत्वाकांक्षी योजना को हकीकत में बदलकर योगी का विश्वास पात्र बन गया था, जबकि इस नौकरशाह को सपा का करीबी समझ कर मुख्यमंत्री योगी ने पहले हाशिये पर डाल रखा था और खादी विभाग जैसा कम महत्वपूर्ण महकमा सौंपा था। कोरोना के खिलाफ जंग में खादी का सुरक्षा कवच (मास्क) तैयार करने वाले इस ब्योरोक्रेट के चलते ही यूपी इसी काल खण्ड में रैपिड टेस्टिंग किट से कोविड-19 की जांच करने वाला पहला प्रदेश बन पाया था। योगी ही नहीं सपा-बसपा और पूर्व की भाजपा सरकार के दौरान भी इस नौकरशाह का खूब सिक्का चला। कल्याण सिंह सरकार में इस नौकरशाह को फैजाबाद जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस दौरान यह अधिकारी अयोध्या में राम जन्मभूमि से जुड़े साधू-संतों के काफी करीब आ गया। यह अधिकारी लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण जिले में डीएम रहा। 2007 में बसपा सरकार बनने पर केन्द्र से पांच आईएएस यूपी लौटे जिनमें से एक नाम इस अधिकारी का भी शामिल था। यह अधिकारी अपने नाम से नहीं, काम के चलते सुर्खियां बटोरता है। सरकार किसी भी पार्टी की हो, यह अपना काम पूरी ईमानदारी से करता मिल जाता है। इस अधिकारी के बारे में यहां तक कहा जाता है, श्जहां रहेगा वहीं रोशनी लुटाएगा, किसी चराग का अपना मकां नहीं होता।'' यह अधिकारी और कोई नहीं पंजाब में जन्मे और 1988 बैच के यूपी कैडर के अधिकारी नवनीत सहगल हैं जो कुछ माह बाद 31 जुलाई 2023 को रिटायर होने वाले हैं। सहगल को सेवा विस्तार मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है, ऐसा इसलिए है क्योंकि सहगल भी अब 'नौकरशाही छोड़कर 'राजशाही' का स्वाद चखना चाहते हैं। आईएएस नवनीत सहगल के बारे में कहा जा रहा है कि ब्यूरोक्रेसी से सेवानिवृत होने के बाद वह भी अन्य कुछ नौकरशाहों की तरह भगवा रंग में रंग सकते हैं। इस बात या चर्चा में इसलिए दम भी लगता है क्योंकि



पिछले कुछ वर्षों से यह देखने में आ रहा है कि बीजेपी आलाकमान पूर्व नौकरशाहों को केन्द्र और राज्यों की राजनीति में लाकर अपनी केन्द्र और राज्यों की सरकारें चलाने के लिए इनके अनुभव का खूब फायदा उठा रहा है इस कड़ी में कई नौकरशाहों के नाम गिनाए जा सकते इसकी शुरुआत करीब 70 वर्ष पूर्व हो गई थी, जब 1952 में फैजाबाद के जिलाधिकारी केकेके नायर (आईसीएस जो अब आईएएस कहलाते हैं) रिटायर्ड होने के बाद जनसंघ में शामिल हो गए थे। हाल फिलहाल में 2022 के विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही कानपुर के कमिश्नर असीम अरुण ने वीआरएस के लिए आवदेन किया तो प्रवर्तन निदेशालय के जॉइंट डायरेक्टर राजेश्वर सिंह का भी वीआरएस आवदेन स्वीकार कर लिया गया। अब दोनों बीजेपी से विधायक और मंत्री भी हैं। पुरानी बात की जाए तो 1967 में जनसंघ के टिकट पर बहराइच से लोकसभा सांसद बने श्रीश चंद्र दीक्षित जो कि आईपीएस रहे, वह पहले बीजेपी में आए और बाद में विश्व हिन्दू परिषद यानी विहिप में चले गए। विहिप के ही नेता अशोक सिंघल के भाई बीपी सिंघल जो कि आईपीएस थे उनको बीजेपी ने राज्यसभा भेजा। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के बेहद करीबी अधिकारी नीरा यादव के आईपीएस पति महेंद्र सिंह यादव भी बीजेपी में शामिल हुए। इस लिस्ट में कई सारे पूर्व नौकरशाहों के नाम जुड़े रहे हैं, जिसमें अरविंद शर्मा यानी ए0के0शर्मा भी कम खास नहीं हैं, जो कि गुजरात कैडर के आईएएस रहे हैं। वह योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में नगर विकास जैसे महत्पूर्ण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चहेते नौकरशाह अरविंद कुमार शर्मा उत्तर प्रदेश में करीब चार वर्ष पूर्व विधान परिषद चुनाव के समय अचानक प्रकट हुए थे। चट से वीआरएस लिया, पट से भाजपा में शामिल हुए और दूसरे ही दिन विधान परिषद के टिकट से निर्विरोध उत्तर प्रदेश विधान परिषद के माननीय सदस्य बन गए। अरविंद कुमार शर्मा मऊ के काजाखुर्द गांव के रहने वाले हैं। गुजरात कैडर, मुख्यमंत्री कार्यालय तथा केंद्र में प्रधानमंत्री कार्यालय में रहकर शर्मा मऊ के लिए कुछ नहीं कर सके। अब मंत्री बनने के बाद नई पारी में उनकी परीक्षा होनी है। क्योंकि शीर्ष नेतृत्व उन्हें यूं ही प्रदेश में स्वैच्छिक सेवानिवृति दिलाकर नहीं लाया है। भविष्य की राजनीति में वह हिंदुत्व के एजेंडा के साथ विकास का एजेंडा भी सेट करना चाह रहा है। ज्ञातव्य हो कि अरविंद्र कुमार शर्मा के भाजपा में शामिल होने पर कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने सवाल उठाया था कि 'शर्मा को बताना चाहिए कि वे अब तक सरकारी सेवा कर रहे थे या एक पार्टी की सेवा में लगे थे।'नौकरशाहों का उत्तर प्रदेश के लिए राजनीतिक प्रेम वर्षों पहले दिखाई पड़ने लगा था। इसकी शुरुआत सात दशक पूर्व केकेके शर्मा से हुई थी। आजादी के बाद प्रदेश में संभवतः पहला वाकया रहा होगा जब अयोध्या में दिसंबर 1949 में बाबरी मस्जिद में मूर्ति रखी जाने के बाद फैजाबाद के जिलाधिकारी केकेके नायर आईसीएस निलंबन और बहाली के बाद सेवामुक्ति लेकर 1952 में जनसंघ में शामिल हो गए थे। उनकी पत्नी हिंदू महासभा के टिकट पर पड़ोसी जिले से सांसद चुनकर लोकसभा पहुंच गई थीं। नायर पहले प्रयास में खुद तो हार गए थे लेकिन उनकी पत्नी और उनका ड्राइवर चुनाव जीत गया था। नायर 1967 में जनसंघ के टिकट पर बहराइच से लोकसभा पहुंच गए थे। इसी प्रकार अयोध्या में 1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के आरोप में तत्कालीन एसएसपी आईपीएस देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) निलंबन और बर्खास्तगी के बाद अगले ही चुनाव में फैजाबाद के पड़ोसी जिले सुल्तानपुर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लोकसभा के सांसद चुन लिए गए थे।इसी तरह से श्रीचन्द्र दीक्षित आईपीएस अधिकारी और फैजाबाद के एसपी एवं प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (1984) रहे। दीक्षित अस्सी के दशक में भाजपा में शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष हुए और राममंदिर आंदोलन के दौरान कारसेवकों को 1990 में विवादित परिसर में पहुंचाने में उनकी प्रमुख भूमिका रही। भाजपा से वे वाराणसी से सांसद निर्वाचित हुए। यह सीट पहली बार भाजपा ने जीती थी। पूर्व आईपीएस और विहिप नेता अशोक सिंघल के भाई बीपी सिंघल को भी भाजपा में शामिल होने के बाद राज्यसभा भेजा गया था। मुलायम सिंह यादव की सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश की मुख्य सचिव रहीं नीरा यादव के पति महेंद्र सिंह यादव आईपीएस से स्वैच्छिक सेवानिवृति लेकर भाजपा में शामिल हुए और विधायक बने थे। मायावती सरकार के दौरान उनके अतिप्रिय अधिकारियों में पीएल पूनिया आईएएस तथा बृजलाल आईपीएस थे।

पूनिया प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री रहे, तो बृजलाल पुलिस महानिदेशक के पद से रिटायर हुए। आश्चर्य यह हुआ कि पूनिया कांग्रेस की शरण में चले गए और एक दलित चेहरा बनकर बाराबंकी से लोकसभा टिकट पाकर सांसद बन गए और बृजलाल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए और अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बना दिए गए। बाद में पार्टी ने उन्हें राज्यसभा भेज दिया। आईएएस अधिकारी रहे देवी दयाल रिटायर होने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए और लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन वे लोकसभा नहीं पहुंच सके। कांग्रेस में शामिल होने वालों की भी अच्छी खासी तादाद रही है। आईएएस रहे राजबहादुर, ओमप्रकाश ने रिटायर होकर कांग्रेस की सदस्यता ली। एपीसी रहे आईएएस अधिकारी अनीस अंसारी ने भी रिटायर होने के बाद कांग्रेस की सदस्यता ली। वहीं आईपीएस अधिकारी रहे अहमद हसन ने रिटायर होकर समाजवादी पार्टी का रास्ता पकड़ा तो उसी के हो गए। वह मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव की सरकार में मंत्री रहे। विधान परिषद सदस्य और परिषद में नेता विपक्ष की भूमिका भी निभाई। लोकसभा चुनाव 2019 के ऐन वक्त पर इस्तीफा देकर पीसीएस अधिकारी रहे श्याम सिंह यादव बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता लेते ही लोकसभा का टिकट पाकर लोकसभा के सांसद हो गए। तकनीकी सेवा के पूर्व अधिकारी पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता के रूप में सेवानिवृत्त हुए त्रिभुवन राम (टीराम) बसपा में शामिल होकर विधायक बन गए। बाद में भारतीय जनता पार्टी की शरण में चले गए। एसके वर्मा, आरपी शुक्ला और बाबा हरदेव सहित नौकरशाह सेवानिवृत्ति के बाद राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो गए। कुछ ने अपनी अलग पार्टी बना ली। पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रपाल ने अपनी आदर्श समाज पार्टी बनाई और पूर्व पीसीएस तपेंद्र प्रसाद ने सम्यक पार्टी बनाई। दोनों ही ज्यादा राजनीति नहीं कर सके।बहरहाल, अधिकारियों के भी इस राजनीति प्रेम के अपने तर्क हैं उनका कहना है कि यदि विभिन्न क्षेत्रों के लोग राजनीति में जा सकते हैं तो नौकरशाह क्यों नहीं ? सेवा में रहते हुए उनका वास्ता तो जनता से ही पड़ता है और वे सेवा करने के लिए ही नौकरियों में आते हैं। यदि रिटायर होने के बाद राजनीति में आकर पुनः वे सेवा करना चाहते हैं तो क्या बुरा है। नौकरशाहों की कौन कहे, अब तो न्यायाधीश भी रिटायर होकर लोकसभा, राज्यसभा पहुंचना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे रंजन गोगाई बिना किसी पार्टी में शामिल हुए रिटायर होते ही राज्यसभा में राष्ट्रपति द्वारा नामित कर दिए गए। जबकि न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा लंबा समय व्यतीत करने के बाद कांग्रेस में शामिल होकर राज्यसभा के सांसद बने। नौकरशाहों के राजनीति में आने की एक वजह और भी है,

वह अपने आप को राजनेताओं की अपेक्षा सर्वोच्च समझता है। सेवा की लंबी पारी का उनका अनुभव अवश्य होता है, लेकिन सच्चाई यह भी है कि अब तक जो नौकरशाह सरकारी सेवा के बाद राजनीति में आए, वह भी राजनीति में कोई आमूलचूल परिवर्तन नहीं कर सके। लब्बोलुआब यह है कि नौकरशाहों के बीजेपी में आने की सबसे बड़ी वजह अगर देखी जाए तो इनके शीर्ष नेतृत्व का नौकरशाही पर भरोसा है। जब भी बीजेपी या इसके गठबंधन की सरकार आती है तो एक आरोप इनकी सरकार पर जरूर लगता है कि सरकार को नौकरशाह चला रहे हैं। अभी भी केंद्र की सरकार हो या उत्तर प्रदेश सरकार, दोनों पर यह आरोप लगातार रहा है कि कुछ नौकरशाह पार्टी के नेताओं को भी अनदेखा करते हैं और सरकार में हस्तक्षेप ज्यादा है। ऐसे में नौकरशाह और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में जो रिश्ते बनते हैं वो बाद में राजनीतिक रिश्तों में तब्दील हो जाते हैं। हालांकि, नौकरशाहों की पैराशूट लैंडिंग से संगठन और कार्यकर्ताओं पर असर पड़ता है, क्योंकि जिसने 60 साल तक अधिकारी बनकर काम किया हो वो जनता और कार्यकर्ताओं के बीच अन्य नेताओं की तरह सहजता से काम नहीं कर पाता जिसको लेकर संगठन को काफी मेहनत करनी पड़ती है।

# शिक्षामंत्री के घर पर ओबीसी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

संवाददाता



लखनऊ। यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती में ओबीसी कोटे के 6800 पदों की बहाली के लिए सोमवार को एक बार फिर अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। लखनऊ में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के घर के बाहर ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों ने घेराव करते हुए नारेबाजी की। संदीप सिंह ने 5 अभ्यर्थियों के डेलिगेट्स से मुलाकात की। बाहर निकलने के बाद अभ्यर्थी ने अमरेद्र ने कहा,ष्हमारी मुलाकात में सकारात्मक बातें हुई हैं। 20 दिन का समय मांगा गया है। अगर हमारी मांगें फिर भी पूरी नहीं होती हैं, तो आंदोलन किया जाएगा। सोमवार सुबह करीब 12 बजे बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के घर के बाहर अभ्यर्थी इकट्ठा हुए। शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू की गई। 13 मार्च को हाईकोर्ट द्वारा 6800 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को खारिज करने के बाद से ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी प्रदर्शन करके अपनी मांगे रख रहे हैं। सुबह बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के जुटने के बाद पुलिस एक्टिव हुई। हंगामे बढ़ते देख मंत्री ने डेलिगेशन को बात करने को बुलाया। इस बीच प्रदर्शनकारियों का घर के बाहर हंगामा जारी रहा। हालांकि मौके बड़ी संख्या में पुलिस की भी तैनाती रही। डेलिगेशन में शामिल अभ्यर्थी अमरेंद्र ने बताया कि शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने 20 दिनों में समस्या को समाधान निकालने के लिए कहा है। इस दरम्यान मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करेंगे। बातचीत के बाद अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन स्थगित कर दिया। अभ्यर्थियों को ईको गार्डन भेजा गया है। वहां से वो अपने-अपने शहर की तरफलौट गए। 69000 शिक्षक भर्ती के मामले में ओबीसी आरक्षण के नियमों की अनदेखी की गई थी। आयोग के हस्तक्षेप के बाद सरकार ने माना था कि इसमें चूक हुई है। बाद में इस वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों की अलग से लिस्ट जारी करके सरकार ने भर्ती करने की बात कही। इस बीच पूरा मामला कोर्ट पहुंचा, सोमवार को हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के सिंगल जज की बेंच ने निर्णय देते हुए 6800 अभ्यर्थियों की लिस्ट खारिज कर दी। ओबीसी वर्ग के इन अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार और अफसरों की तरफ से कोर्ट में लचर पैरवी की गई थी। जिसका नतीजा रहा कि निर्णय हमारे खिलाफरहा। अब सरकार ढुलमूल रवैया अपना रही है।

# एलयू में रजिस्ट्रेशन शुल्क लेने से नाराज स्टूडेंट्स का प्रदर्शन, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, लखनऊ। नए सत्र से दाखिले के लिए एलयू ने एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी हैं। इस बार दाखिले से पहले सभी छात्रों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर 100 रूपए रजिस्ट्रेशन शुल्क वसूला जाएगा। विश्वविद्यालय के इस नियम के विरोध में सोमवार को छात्र संगठनों से जुड़े स्टूडेंट्स ने धरना और प्रदर्शन किया। छात्रों ने शुल्क वसूली के आदेश वापसी की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। बाद में छात्रों ने मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय को सौंपा। दरअसल, लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालय परिसर और डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 मई विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए इस बार से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू किया हैं। इसके तहत पंजीकरण प्रक्रिया में शामिल होने के लिए छात्रों को 100 का शुल्क अदा करना होगा। आदेश जारी होते ही विभिन्न छात्र संगठनों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सोमवार को समाजवादी छात्र सभा व बिरसा अंबेडकर फुले छात्र संगठन (बापसा) ने संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय परिसर में इसके विरोध में धरना दिया। छात्र संगठनों का कहना था कि विश्वविद्यालय प्रशासन जानबूझकर गरीब छात्रों पर आर्थिक



बहुत बड़ा रहा है। प्रदर्शन करने वाले छात्र संगठनों का कहना है कि विश्वविद्यालय में गरीब किसान, आर्थिक रूप से कमजोर छात्र पढ़ने के लिए आते हैं। ऐसे में उन पर 100 का भी अतिरिक्त शुल्क लगाना आर्थिक बोझ है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने जानबूझकर इस बार से यह बोझ छात्रों पर बढ़ाया है। बाद में छात्रों ने कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय को ज्ञापन सौंपकर मांगे पूरी करने की मांग की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है : उमानंद शर्मा

संवाददाता, लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''अम्बालिका इंस्टीटियूट ऑफहॉयर स्टडीज, मौरावां रोड, मोहनलालगंज लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 384वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट गायत्री मंदिर इन्दिरा नगर लखनऊ के सक्रीय कार्यकर्ता श्री एम.के. निरंजन ने अपने पूज्य ससुर स्व. शांति स्वरूप निरंजन स्मृति में तथा छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है।'' इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आशुतोष द्विवेदी विचार रखे।

### एलयू मे विश्व रंगमंच दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसके बाद पीएचडी शोधार्थी द्वारा चार नाटकों का मंचन हुआ। प्रो. राज बिसारिया ने आयोजन के लिए अपना आशीर्वाद दिया। पहली बार, विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा लघु नाटकों की पटकथा लिखकर,उनका प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो. डॉ. मीनाक्षी पाह्वा ने किया, जिन्होंने बिना थके छात्रों का मार्गदर्शन किया। नाटक समलैंगिकता, नशे की लत, विद्यार्थियों पर पड़ रहे पारिवारिक दबाव और दलित उत्पीड़न जैसे प्रमुख विषयों से संबंधित थे। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता, कला संकाय, प्रो. अरविंद अवस्थी ,अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, प्रो. पूनम टंडन एवं प्रो. एम. प्रियदर्शिनी, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग शामिल रहे।

### राहुल गांधी को लेकर भाजपा सरकार की कार्रवाई के खिलाफमाले का मार्च

संवाददाता, लखनऊ। राहुल गांधी प्रकरण पर पार्टी के प्रदेश व्यापी आवाह्न पर लखनऊ में भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय की ओर मार्च किया। राष्ट्रपति भारत तथा संसद के सभापति को सम्बोधित दो ज्ञापन पुलिस को सौंप कर विपक्ष व लोकतंत्र पर मोदी सरकार के फासीवादी हमले पर रोक लगाने और राहुल गांधी के खिलाफकार्यवाही को तत्काल रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर आन्दोलन का नेतृत्व कर रहे भाकपा (माले) के जिला प्रभारी का रमेश सिंह सेंगर ने कहा मोदी सरकार विरोध की कोई भी आवाज बर्दास्त नहीं कर पा रही है। राहुल गांधी द्वारा अडानी से पीएम मोदी के रिश्ते पर सवाल पूछने और संसद में राहुल द्वारा सवाल जबाव न हो, इसलिए राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म कर दी गई। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि मोदी सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव में सत्ता से बाहर करने के लिए जी जान लगाकर संघर्ष करने को कहा है। कार्यक्रम में ऐपवा की कमला गौतम, मुनीता प्रजापति, मो.कलीम खान, अनिल कुमार, राम सेवक रावत, रमेश शर्मा,आर बी सिंह ,नीरज कुमार ,अरविन्द कुमार,राम सनेही,सूरज सहित कई लोग शामिल रहे।

### साउंड एण्ड लाइट शो में पूरे देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश को मिला प्रथम स्थान

संवाददाता, लखनऊ। देश के समस्त राज्यों एवं संघ क्षेत्र प्रशासन द्वारा प्रेषित प्रविष्टियों में उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग को साउंड एण्ड लाइट शो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चुना गया है। कल नई दिल्ली के अशोका होटल में आयोजित चिन्तन शिविर में इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केन्द्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी द्वारा प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। स्वदेश दर्शन स्कीम के तहत सभी राज्यों एवं संघ क्षेत्र प्रशासन से साउंड एण्ड लाइट शो प्रदर्शन के संबंध में प्रविष्टियॉ आमंत्रित की गयी थी। इस प्रतियोगिता में गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर में साउंड एण्ड लाइट शो को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए चुना गया है।

### आशीष दीक्षित अध्यक्ष और शिवशम्भू पुन : महामंत्री निर्वाचित

संवाददाता, लखनऊ। अराजपत्रित्र राज्य कर्मचारी संघ, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग नगर शाखा लखनऊ के चुनाव विकासभवन सर्वादय नगर में मुख्य चुनाव अधिकारी जे.पी. सिंह और चुनाव अधिकारी मनोज शुक्ला की देखरेख में सम्पन्न हुए। चुनाव के दरम्यान सभी पदों पर एक एक नामांकन आने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने अध्यक्ष पद पर एक बार पुन: आशीष कुमार दीक्षित और महामंत्री पद पर शिवशम्भू सिंह के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि र्निविरोध रूप से जीत अन्य पदाधिकारियों में प्रमोद कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष प्रथम, तेज बहादुर राम उपाध्यक्ष द्वितीय, ईशान श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, सुरेश चन्द्र उपाध्यक्ष चतुर्थ, तृतीय चुने गए। कमल किशोर शुक्ला आडीटर, मीनू श्रीवास्तव संयुक्त सचिव, शशि शुक्ला कार्यालय मंत्री, प्रभात रंजन मीडिया प्रभारी, अक्षय कुमार सिंह संगठन मंत्री चुने गए।

### बुलन्दशहर एवं गोण्डा में सड़क निर्माण हेतु 229.23 लाख रूपये मंजूर

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद बुलन्दशहर एवं गोण्डा में सड़क निर्माण से सम्बंधित कार्यों हेतु 229.23 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि सम्बंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को उपलब्ध करा दी गयी है। नियोजन विभाग ने इस सम्बंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार बुलंदशहर में सड़क निर्माण से सम्बंधित एक कार्य हेतु 16.14 लाख रूपये तथा जनपद गोण्डा में सड़क निर्माण से सम्बंधित एक कार्य हेतु 213.09 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं।

# समाज कल्याण मंत्री ने किया दिव्यांग पूर्व सैनिकों को दिया व्हीलचेयर, प्रशिक्षणार्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के द्वारा लखनऊ में पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों के सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर असीम अरुण ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के द्वारा ऐसे प्रशिक्षित और प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। जिन्होंने हाल ही में अपना सुरक्षा कोर्स पूरा करके चयन प्राप्त किया है। दिव्यांग पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को व्हीलचेयर, ई-रिक्शा, स्कूटी इत्यादि वितरित किया। इस अवसर पर असीम अरुण ने कहा कि हमारे सैनिक देश को विपरीत परिस्थितियों से बचाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। देश पर जब संकट आया हमारे सैनिकों ने अपनी प्राणों की आहूति तक दे दी। केंद्र व प्रदेश सरकार सैनिकों एवं उनके आश्रितों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। समाज कल्याण विभाग भी इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील है। विभाग पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को छात्रवृत्ति, पेंशन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड डॉ हरिओम ,उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के प्रबंध निदेशक मेजर जनरल नीलेन्द्र कुमार के साथ -साथ कई पूर्व सैनिक ,उनके आश्रित एवं युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की पत्नियों उनके बच्चों और दिव्यांग पूर्व सैनिकों शामिल रहे।

# लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सम-लैंगिकता के खिलाफ किया सर्वधर्म-सम्मेलन

## हर धर्म के प्रचारक हुए शामिल, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पर किए साइन

संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ के यूपी प्रेस क्लब में सोमवार को लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने 'समलैंगिकता समाज के लिए अभिशाप' नाम से सर्वधर्म सम्मेलन आयोजित किया। इसमें सभी धर्मों के धर्मगुरुओं ने शिरकत की और समलैंगिकता के खिलाफ अपने विचार रखे। सभी ने राष्ट्रपति के नाम समलैंगिक विवाह को अमान्य घोषित करने के लिए ज्ञापन पर साइन भी किए। इस दौरान लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमिटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने बताया कि हिन्दू, इस्लाम, सिख और ईसाई धर्म में समलैंगिक विवाह की मान्यता नहीं है। सम्मेलन में मनकामेश्वर मंदिर की महंत देवयागिरी, आचार्य महाराज कृष्ण मोहन, फरंगी महल के मौलाना मोहम्मद मुश्ताक, जैन धर्म के प्रो. अभय जैन, राजेश चंद्रा आदि ने अपने विचार रखे। सभी ने चिंता जताई कि अगर 18 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह को मंजूरी देगा। तो वो आगे इसपर बड़ी सभा आयोजित कर विरोध जताएंगे। सम्मेलन में बौद्ध प्रचारक राजेश चंद्रा ने समलैंगिक विवाह पर बात की। उन्होंने कहा पहले जमाने में मांदूबाप कहते थे, बेटा कहीं भी जाना शादी अपने धर्म में ही करना। फिर कहने लगे बेटा कहीं भी जाना लेकिन शादी देश की लड़की से करना। और मॉडर्न हुए तो कहा बिरादरी में शादी करना। लेकिन अब ये हालत है की लड़के से बोल रहे हैं बेटा लड़की से शादी करना। लड़की को कह रहे हैं बेटा लड़के से शादी करना। महाराज कृष्ण मोहन ने कहा ये भारतीय संस्कृति के खिलाफहै। इस तरह का विवाह हमारे समाज के लिए विकृति है। इससे वंश परम्परा रुक जाएगी। आने वाले समय में ये खतरे की बात होगी। साथ ही महंत देवयागिरी ने कहा कि प्रकृति नियम के अनुसार ही चलती है। ये एक बहुत ही गंभीर विषय है कि सर्वोच्च न्यायालय इसका विरोध क्यों नहीं कर रहा है। आरडी द्विवेदी ने बोला इस मुद्दे को सिर्फ सम्मेलन तक सीमित नहीं रखना चाहिए। इसे बड़े स्तर पर उठाना होगा। मैं सभी धर्मगुरुओं से आग्रह करता हूं इसके लिए एक कार्यालय खोलें। साथ में प्रवक्ताओं का भी चयन किया जाए।

# स्व. पंडित रामपाल त्रिवेदी के नाम से हुआ हजरतगंज का मेफेयर तिराह

संवाददाता

## आजादी के नायक को सम्मान देने के लिए प्रदेश सरकार को धन्यवाद : मोहनीश त्रिवेदी




लखनऊ। रामपाल त्रिवेदी सेवा संस्थान के संयोजक व उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने कहा कि हजरतगंज के मेफेयर तिराहे का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रथम जिला परिषद अध्यक्ष, लखनऊ,अजेय विधायक एवम् संस्थापक अध्यक्ष,रामपाल त्रिवेदी इंटर कॉलेज, गोसाईगंज, लखनऊ बाबाजी स्व. पंडित रामपाल त्रिवेदी जी के नाम से होने पर सम्पूर्ण त्रिवेदी परिवार में खुशी की लहर है,हम सबके लिए यह गर्व की बात है कि हम ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशज है जिसने देश की आजादी के जुनून में अंग्रेजो की हजारों यातनाएं सही जीवन के 12 वर्ष जेल में काट दिए पर कभी अपने कर्तव्य पथ से पीछे नहीं हटे। श्री त्रिवेदी ने कहा कि स्व. त्रिवेदी जी के पौत्र संजय त्रिवेदी जी व अजय त्रिवेदी जी के अथक प्रयासों के चलते उत्तर प्रदेश सरकार व लखनऊ की मेयर श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा हजरतगंज के उस मार्ग को जिसपर 1947 से पूर्व अंग्रेजो द्वारा हिन्दुस्तानियों को कदम तक रखने से रोक दिया गया था व जहां से अनेकों आंदोलनों की शुरुवात हुई लखनऊ के दिल पर स्व. पंडित रामपाल त्रिवेदी जी के नाम की शिलापट्ट के लगने से परिवार के सभी सदस्य खुश है। बप्पा जी के नाम पर मेफेयर तिराहे को करने के लिए स्व. त्रिवेदी जी के पुत्र दुर्गेश चन्द्र त्रिवेदी,अरुण कुमार त्रिवेदी, पौत्र वीरेंद्र त्रिवेदी, अजेय त्रिवेदी,अनुपम त्रिवेदी,संजय त्रिवेदी,अमित त्रिवेदी,नीलू त्रिवेदी प्रपौत्र आशीष त्रिवेदी,धीरज त्रिवेदी,मोहनीश त्रिवेदी, अंशुल त्रिवेदी, मानस त्रिवेदी,शिव त्रिवेदी,कृष्णा त्रिवेदी व सार्थक त्रिवेदी ने उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गर्मी में हो पराग पार्लर मिल्क का सुव्यवस्थित संचालन

## मोबाइल वेटरनरी यूनिट का संचालन कराया जाए : धर्मपाल

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय बजट एवं आगामी कार्य योजना के संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि गर्मी के दृष्टिगत पराग मिल्क पार्लर सुव्यवस्थित रूप से संचालित हों और किसानों को दुग्ध मूल्य का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाये। इसके अतिरिक्त छोटे किसानों एवं पशुपालकों के हितों के दृष्टिगत भेड़, बकरी, मुर्गी आदि लघु पशु से संबंधित योजनाओं को और प्रोत्साहित किया जाये। गोसंरक्षण के संवर्धन हेतु संचालित योजनायें, निराश्रित गोआश्रय स्थलों की स्थापना, मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना तथा कुपोषित परिवारों को निराश्रित गोआश्रय स्थल से दुधारू गाय उपलब्ध कराने की योजना के संचालन में और अधिक तेजी लाई जाए। पशुधन मंत्री ने कहा कि पशु चिकित्सा पॉलीक्लीनिक, पशुओं के संचारी रोग नियंत्रण हेतु टीकाकरण, बधियाकरण, जोखिम बीमा प्रबन्धन एवं कृत्रिम गर्भाधान के कार्यक्रमों को गति देते हुए कुक्कुट विकास नीति-2022 के द्वारा प्रदेश में अण्डा उत्पादन बढ़ाये जाने एवं नई कुक्कुट इकाईयॉ स्थापित किये जाने पर विशेष बल दिया जाये। उन्होंने कहा कि पशु सेवा हेतु 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट प्राप्त हो गई है। जिससे इनके परिचालन का कार्य सुनियोजित और सुव्यवस्थित रूप से किया जाए, ताकि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों एवं पशुपालकों को इसका त्वरित लाभ मिल सके। धर्मपाल ने कहा कि दुग्ध विकास विभाग को 31 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्राप्त निवेश प्रस्तावों की नियमित समीक्षा की जाए।

# विधिक साक्षरता एवं सहायता शिविर का ग्राम रसूलपुर कायस्थ में हुआ आयोजन

संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विश्व विद्यालय विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान के तहत बीकेटी तहसील के रसूलपुर कायस्थ ग्राम में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधिक सहायता केंद्र के संयोजक मनीष तिवारी ने किया। जिसमें कई सरकारी अधिकारी द्वारा लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया। शिक्षा विभाग के अधिकारी अनुराग सिंह राठौर द्वारा निपुण भारत योजना के अंतर्गत चलाए गए योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के विषय में एवं नई शिक्षा नीति के बारे में जागरूक किया। शिविर में आगे बढ़ते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीकेटी से आए डॉ शब्बीर अली ने ग्रामीणों धूम्रपान के नुकसान, बाल पुष्टाहार विभाग की अधिकारी अमिता त्रिपाठी द्वारा विभाग से जुड़ी योजनाओं के बारे में बताया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर डा बंशीधर सिंह ने अपने संबोधन में सुलह समझौता के जरिए विवादों के निपटारे को कहा गया। प्रोफेसर अभिषेक तिवारी ने लोक अदालत के माध्यम से कैसे समय और धन की बचत हो सकता है इसके बारे में जानकारी दिया। विधिक सहायता केंद्र द्वारा दी जाने वाले योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। विधिक सेवा केंद्र के सदस्यों द्वारा योजना एवं मुकदमों के बारे में सर्वे किया गया।

# कमान अस्पताल के सर्जिकल विभाग ने अंतर-कमान सतत चिकित्सा शिक्षा सम्मेलन आयोजित

संवाददाता, लखनऊ। प्रौद्योगिकी और सर्जिकल अभ्यास बूनयाबेन विषय पर एक अंतर-कमान सतत चिकित्सा शिक्षा सम्मेलन (सीएमई) कमान अस्पताल मध्य कमान, लखनऊ के सर्जिकल विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मध्य कमान के चीफऑफस्टाफलेफ्टिनेंट जनरल विवेक कश्यप ने उद्घाटन भाषण दिया, जिसके बाद लेफ्टिनेंट जनरल बिपिनपुरी (सेवानिवृत्त), कुलपति केजीएमयू, लखनऊ ने की नोट भाषण दिया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले अन्य प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों में जनरल सर्जरी विभागों के प्रमुखों के साथ-साथ उनके संकाय और केजीएमयू, आरएमएल आईएमएस, एचआईएमएस, ईआरए मेडिकल कॉलेज, इंटीग्रल इंस्टीट्यूट और कैरियर इंस्टीट्यूट के रेजिडेंट्स शामिल थे। अगले दो दिनों में जनरल सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी,



न्यूरो सर्जरी, वैस्कुलर सर्जरी, ट्रॉमा सर्जरी, यूरोलॉजी, जीआई सर्जरी और ऑन्को सर्जरी के क्षेत्रमें भारतीय ट्राई सर्विसेज के प्रख्यात विशेषज्ञों और सिविल संस्थानों के प्रोफेसरों के व्याख्यानों की एक श्रृंखला शुरू हुई। रोगी देखभाल में नई तकनीक को शामिल करने के सभी गुण और दोषों पर प्रकाश डाला गया। ब्रिगेडियर सनत कुमार खन्ना की अध्यक्षता में कमान अस्पताल की सर्जिकल टीम ने सफलता पूर्वक 180 प्रतिनिधियों की मेजबानी की, जिनमें फैकल्टी और रेजिडेंट्स शामिल थे, जिन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया और सम्मेलन से लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी भी शामिल थी जिसमें विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के जनरल सर्जरी रेजिडेंट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रेजिडेंट्स के लिए आयोजित हैंड्स-ऑन एनास्टोमोसिस प्रैक्टिकम कार्यक्रम भी किया गया।

CMYK

# कटका क्लब जिले में समाज सेवा के चलते जिले में बनी नंबर एक कि सामाजिक संस्था

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। अपने लिए जिया तो क्या जिया की पंक्तिया जिले के कुछ युवाओं पर फिट बैठती है। युवाओं का काम है समाजसेवा का जुनून है कुछ कर गुजरने का ।उनकी सादगी और शिष्ट, व्यवहार के बावजूद आप उनके हौसलों की बुलंदी , और निश्चय की गहराई को भांप सकते है । जिले में सामाजिक संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने एक ऐसी अनोखी मुहिम की शुरुआत किया कि देखते देखते सैकड़ो युवा व वरिष्ठजन भी आज सहयोग करने के लिए तैयार है मुहिम का लक्ष्य समाज सेवा करना ।आपको बताते चले इस मुहिम ने जिले के अंदर में समाज सेवा के नाम पर पैर पसार लिया है जबकि जुमनो पर बस एक ही नाम मीडिया, सोशलमीडिया, पर बस कटका क्लब सामाजिक संस्था का ही इस वक्त जिक्र हो रहा है । आपको बताते चले संस्था के द्वारा नि:शुल्क भोजन वितरण, कपड़ा बैंक, पेयजल की व्यवस्था, दौड़ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्र कला प्रतियोगिता, नशा मुक्ति पर अभियान, जल संरक्षण पर आयोजन , पौध रोपण का कार्य, के साथ ऐसे विभन्न कार्य को संस्था करा रही है। यू तो आपको बताते चलें जिले में बहुत सी संस्था है लेकिन एक साल के अंदर में अपने कार्य के चलाते जिले में एक अलग पहचान के साथ जिले में कार्य करने में नम्बर एक कि संस्था हो चुकी है। इस संस्था का साथ विद्यालय के प्रबधंक से लेकर क्षेत्रवासियों व जिलेवासियों के साथ पत्रकार बंधुओ का सहयोग आ रहा है आपको बताते चले संस्था में जुड़े राजकुमार मिश्रा, सुधीर मिश्रा, त्रिभुवान नारयण सिंह, सुधीर यादव , सूरज विश्वास, सर्वेश कांत वर्मा, अमरजीत मिश्रा, राजेन्द्र यादव, सुधंशु तिवारी, कांति सिंह, नफीसा खातून, शीतला प्रसाद पांडये के साथ सैकड़ों लोग जुड़े है ।

## प्रशिक्षित पीआरडी जवान 31 मार्च तक ऑनलाइन कराए अभिलेख

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कुलदीप सिंह ने प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को निर्देश देते हुए कहा कि विकासखंड महाराजगंज व ऊंचाहार के प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पीआरडी जवान जिन्होंने प्रशिक्षण के बाद भी अपने अभिलेख ऑनलाइन नहीं कराए हैं। वे सभी जवान 31 मार्च 2023 तक अभिलेखों को तत्काल जमा कराएं। इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कुलदीप सिंह ने कहा कि यदि विभागीय पोर्टल पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, विभागीय पहचान पत्र, बैंक पासबुक वर्दी वाली सहित स्वयं की फोटो अपलोड नहीं करते है।

# मनुष्य निर्माण की उत्कृष्ट प्रक्रिया को उल्लेखित करती है ध्येय यात्रा : डॉ संतोष अंश

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुल्तानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुल्तानपुर विभाग ( सुल्तानपुर एवं अमेठी जनपद) के विभाग प्रमुख डॉ संतोष कुमार सिंह अंश ने नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर से भेंट की और उनको ध्येय यात्रा पुस्तक भेंट की। जिलाधिकारी द्वारा पुस्तक के ब ारे में जिज्ञासा प्रकट करने पर विभाग प्रमुख डॉ संतोष कुमार सिंह अंश ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 9 जुलाई, 1949 को अस्तित्व में आया। यह छात्र संगठन, विगत सात दशकों में, देश के हर जनहितकारी आंदोलन एवं जनकल्याणकारी कार्यों में अपनी भूमिका निभाता रहा है। यह पुस्तक, अभाविप के रचनात्मक, आंदोलनात्मक एवं प्रतिनिधित्वात्मक कार्यशैली से 'राष्ट्र-पुनर्निर्माण' के कार्य में संगठन द्वारा निभाई गयी भूमिका की जानकारी देता है।

यह पुस्तक अभाविप के स्थापना, वैचारिक अधिष्ठान, संगठन के स्वरूप एवं विकास क्रम, छात्र आंदोलन की रचनात्मक दिशा, राष्ट्रहित में साहसिक प्रयास, राष्ट्रीय-शैक्षिक एवं सामाजिक मुद्दों पर अभाविप का विचार, छात्र नेतृत्व, आयाम कार्य, प्रभाव, उपलब्धियों एवं वैश्विक पटल पर संगठन जैसे विषयों को अपने दोनों खंडों में समाहित करता है। ध्येय यात्रा मात्र एक किताब भर नहीं बल्कि एक जीवंत विद्यार्थी आंदोलन का ग्रंथ है। वर्तमान में अभाविप के विविध आयाम छात्रों के बीच काम कर रहे हैं और इस पुस्तक में उनके विकास की कहानी है। ध्येययात्रा, एक ऐसा संदर्भग्रंथ जो विश्व के सबसे विशाल छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को 70 वर्षीय ऐतिहासिक जीवनगाथा प्रस्तुत करता है।

यह ऐसी पुस्तक है जो देश के स्वतंत्रता के साथ ही अस्तित्व में आये राष्ट्रवादी विद्यार्थी दृ समूह के रचनात्मक मंच की वैचारिकी और उसकी स्थापना की पृष्ठभूमि से अवगत कराती है। यह पुस्तक अभाविप के 70 वर्ष के इतिहास का ग्रंथ है जिसे शोधार्थी छात्र आंदोलन पर शोध के लिए उपयोग कर सकेंगे। समय दृ समय पर शिक्षा क्षेत्र में कैसे परिवर्तन आए और विद्यार्थी परिषद ने क्या भूमिका निभाई वो इस पुस्तक में उल्लेखित है। यह पुस्तक मनुष्य निर्माण की उत्कृष्ट प्रक्रिया को उल्लेखित करती है। जिलाधिकारी जसजीत कौर इस जानकारी से अत्यंत संतुष्ट हुई और कहा कि इस पुस्तक को मैं अवश्य पढ़ूंगी। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री रजनीश, जिला संयोजक शुभेन्द्रवीर सिंह, प्रान्त कार्य समिति सदस्य शशिकांत उपस्थित थे।

# पत्रकारों पर दर्ज मुकदमे को लेकर भारतीय प्रेस परिषद ने जारी किया नोटिस

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




जौनपुर। केराकत गौशाला में गायों के तड़प तड़प कर मरने की खबर छापने और दिखाने पर पत्रकारों के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमें से भारतीय प्रेस परिषद हैरान है। प्रेस परिषद के सचिव नंगसंगलेम्बा आओ ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता में कटौती मानते हुए अपनी चिंता जताई है। उसने दो सप्ताह के भीतर प्रदेश के मुख्य सचिव, गृह सचिव सहित पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को जवाब के लिए नोटिस जारी किया है। प्रेस परिषद की नोटिस से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। ज्ञात हो कि 21 मार्च को स्वतंत्र पत्रकार आदर्श मिश्रा सहित केराकत तहसील क्षेत्र के चार पत्रकार, पंकज कुमार सिंह, विनोद कुमार और अरविन्द कुमार यादव मुफ्तीगंज ब्लॉक क्षेत्र के पेसारा गांव में स्थित अस्थाई गौशाला की दुर्दशा का न्यूज कवर करने गए थे। पत्रकारों के अनुसार गौशाला में दो गायें मरी पड़ी थीं और इतनी ही मरणासन्न थीं। उन्हें कौवे नोच रहे थे। गौशाला में गायों के बीच गोबर की मोटी परत जमी पड़ी थी। उन्होंने मौके का फोटो लिया और वीडियो बनाया तथा वहीं से एसडीएम नेहा मिश्रा को गौशाला की स्थिति से अवगत कराया और उनका पक्ष भी जाना। पत्रकारों के अनुसार एसडीएम का जवाब तल्ख था। बहरहाल पत्रकारों ने अपने अपने अखबारों में न्यूज छापा और सोशल मीडिया पर भी वायरल किया। न्यूज छपने के तीन दिन बाद 24 मार्च को तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों ने गांव की ग्राम प्रधान चंदा देवी पर दबाव बनाकर चारो पत्रकारों के खिलाफ केराकत थाना में एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (2)व सहित आईपीसी की धारा 504, 506, 384 और 429 के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया। पत्रकारों को भयभीत करने और उन्हें दबाने की भावना से दर्ज कराए गए मुकदमे को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष संजय शुक्ल के नेतृत्व में पत्रकारों ने अपना रोष व्यक्त किया और भारतीय प्रेस परिषद सहित उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की। जिसके चलते भारतीय प्रेस परिषद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, गृह सचिव समेत जिले के डीएम और एसपी को जवाब देने की नोटिस भेज दी।

## घरेलू कलह के चलते युवक ने लगाई फांसी

संवाददाता, हरदोई कोतवाली शाहाबाद में एक 22 वर्षीय युवक ने घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर जान दे दी ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त विवरण में कोतवाली शाहाबाद के मोहल्ला मीराबस्ती में शोभित 22 वर्ष का विवाह तीन साल पूर्व हुआ था ।गलत संगत के कारण शोभित शराब का आदी हो गया था ।जिस कारण घर में पत्नी से विवाद होता था ।इसी कारण मंगलवार को शोभित ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी ।घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा ।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घरेलू विवाद में युवक ने फांसी लगाई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है रिपोर्ट आने पर जांच कर विधिक करवाही की जाएगी।

# पिकअप और सवारी गाड़ी मैजिक में आमने-सामने की टक्कर कई लोग घायल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




धम्मौर- सुलतानपुरस रायबरेली सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धम्मौर बाजार के पास धरमैतेपुर पेट्रोल टंकी के सामने सुल्तानपुर की तरफसे आ रहे हैं पिकअप और गौरीगंज की तरफसे आ रहे हैं सवारी गाड़ी मैजिक में आमने-सामने की टक्कर हो गई बहुत जोरदार थी लेकिन उसमें कई बच्चे बहुत छोटे-छोटे थे जिनको जरा सी खरोच भी नहीं आई मिली जानकारी के अनुसार बच्चों समेत 18 लोग घायल हुए हैं सूचना पर पहुंचे धम्मौर पुलिस टीम ने घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया मिली जानकारी के अनुसार धम्मौर थाना क्षेत्र बनकेपुर गांव से कुछ लोग मैजिक से अमेठी जिले के दरपीपुर स्थित गड़ामाफी प्रसिद्ध हनुमानजी मंदिर दर्शन करने गए थे देर शाम लगभग 4.00 बजे अपने घर लौट रहे थे कि धरमैतेपुर पेट्रोल पंप के सामने पिकअप से मैजिक की टक्कर हो गई मैजिक में बैठे 9 महिला 4 पुरुष तथा 5 बच्चे घायल हुए हैं इनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हो जिसके सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से 108 डायल करके सभी घायलों को इलाज के जिला अस्पताल भेज दिया था पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेते हुए उचित कार्रवाई शुरू कर दी है प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर स्वयं मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पिकअप वाहन चालक मौके से फरार हो गया है तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी

# नगर की जनता ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी : प्रभात साहू

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




महराजगंज, रायबरेली। कस्बे के माँ जसवंत्री देवी मंदिर प्रांगण में चेयरमैन प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में लोगो नें शिव शक्ति जागरण पार्टी द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियों एवं भजनों का आनंद उठाया।

बताते चले की सोमवार की देर शाम आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, व्यापारी नेता पंकज मुरारका सहित कलाकारों का प्रभात साहू नें अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। प्रभात साहू नें कहा की सिद्ध स्थल माँ जसवंत्री देवी से भक्तों की मांगी मुराद पूरी होती है इनकी ही कृपा से लगातार तीन बार जनता नें चेयरमैन बनाया।

इस दौरान श्री साहू नें कहा की नगर की जनता ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। मौके पर शिव शक्ति जागरण परिवार के संचालक मुकेश शुक्ला द्वारा भोलेनाथ का ग्यारहवां रुद्रावतार, राधा कृष्ण की होली की झांकी, रामदरबार, गणेश वंदना सहित सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गयी।

इस दौरान पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, सुनील मौर्य, लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, सूर्यप्रकाश वर्मा,त्रिवेणी लाल गुप्ता,पुन्नी महराज,सभासद अंकुर गुप्ता, विनीत वैश्य, सतीश कुशमेष, नुरुल, कौशर, प्रधान अंजनी गुप्ता, पवन साहू, वरिष्ठ लिपिक रामचन्द्र, पीयूष साहू, अधिवक्ता राजेश यादव सहित महराजगंज प्रेस क्लब टीम एवं प्रभात युवा शक्ति के पदाधिकारी मौजूद रहे जिनका सम्मान प्रभात साहू द्वारा किया गया।

# प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर द्वारा चौकीदारों को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



धम्मौर- सुलतानपुरस धम्मौर थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर द्वारा मंगलवार को धम्मौर थाने के समस्त चौकीदारों की एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें उनके समस्याओं के बारे में पूछा गया और दूर करने का आश्वासन दिया गया तथा प्रभारी निरीक्षक द्वारा सभी चौकीदारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें निर्देशित किया गया किस समय से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंद्य आपको बताते चलें प्रभारी निरीक्षक द्वारा समय-समय पर सभी लोगों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया कभी ग्राम प्रधान के साथ तो कभी कोटेदारों के साथ तथा कभी व्यापारियों के साथ प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस और जनता के बीच अच्छा व्यवहार बना रहे इसलिए सभी के साथ इकट्ठा होकर उनकी मदद किया जाए और एक दूसरे से पहचान भी होती रहेगी।

## कलेक्टर सभागार में बैठक हुई सम्पन्न

संवाददाता, सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक में ग्राम पंचायत स्तरीय 6-मासिक विशेष अभियान वित्तीय समावेशन से सशक्तिकरणदिनांक-15.02.2023 से 15.08.2023 के अंतर्गत जनपद के समस्त ग्राम पंचायत में माइक्रो प्लान तैयार करके कैंप करने का आदेश समस्त शाखा प्रबंधक को दिया गया। सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने और वांछित लोगो को इस योजनाओ से आच्छादित हेतु समस्त शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा समस्त जिला समन्वयक को नये-नये जगहों पर करीब 22 नए शाखा खोलने हेतु सुझाव दिया गया। विधायक जय प्रताप सिंह ने सुझाव दिया गया कि वैसा जगह जहाँ पर शाखा खोलना संभव नहीं हो वहां नये सीएसपीध्बीसी का संचालन कराये। ग्राहकों को प्राथमिकता के आधार पर शिक्षा ऋण, मुद्रा ऋण, के.सी.सी ऋण देने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक ऋण योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य से 50 प्रतिशत अधिक की प्राप्ति एवं ऋण-जमानुपात में 60 प्रतिशत की प्राप्ति हेतु समस्त जिला समन्वयक को विशेष कार्य योजना बना कर उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त हुआ। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त लीड बैंक अधिकारी, समस्त बैंको के शाखा प्रबन्ध एवं अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कैमरा लगवाने पर डिडई पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया

संवाददाता, सिद्धार्थनगर । आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जगदीश हरीश ज्वेलर्स व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा ग्राम गौरागढ में मुख्य मार्ग पर कुल पांच सीसीटीवी कैमरें लगवाने पर थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया । अखिल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान अभियान आपरेशन त्रिनेत्र के तहत अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनाक 27/03/2023 को राजेश कुमार शुक्ला थानाध्यक्ष थाना शिवनगर डिडई के नेतृत्व में ग्राम गौरागढ जाने वाले मुख्य मार्ग पर जगदीश हरीश ज्वेलर्स द्वारा 03 व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार मिश्रा के सौजन्य से 02 सीसीटीवी कैमरें लगवाए जाने पर थानाध्यक्ष शिवनगर डिडई द्वारा सम्मानित कर उनके इस प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की गई । पुलिस की इस पहल का आम जनमानस द्वारा स्वागत किया गया । आपरेशन त्रिनेत्र (हर घर कैमरा) अभियान के तहत सुरक्षा के लिहाज से इन सीसीटीवी कैमरों को पुलिस जन सहयोग से चौराहों और सड़कों पर लगवाने का कार्य किया जा रहा है ।

## जिला योजना की बैठक में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पहुंचे उन्नाव, की अधिकारियों के साथ बैठक

संवाददाता, उन्नाव। जिला योजना की बैठक में शिरकत करने पहुचे उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मीडिया से बात चीत में कहा कि आज जिला योजना की बैठक हुई 31 मार्च वित्तीय वर्ष का अंतिम समय चल रहा है। 2022- 23 का जो बजट प्रस्तावित थे इस बजट का अनुमोदन होना था। तो आज 2022 - 23 के बजट का अनुमोदन हुआ फिलहाल जनपद में जो भी बजट में जिला सूचना समिति के माध्यम से विभागों को प्राप्त हुए थे उसका शत-प्रतिशत अनुपालन किया गया है जिले के हमारे सभी अधिकारी इसके लिए बधाई के पात्र है। 2023 - 24 का जो बजट प्रस्तवित हुआ है उसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों से प्रस्तवालेकर के आगे क्रियान्वित किया जाएगा। अतीक अहमद को सजा मामले में बोले परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सरकार का काम यही है कि प्रभावी ढंग से पैरवी करके ऐसे अपराधियों को सजा दिलाना । जब से योगी जी की सरकार आई है केवल अतीक अहमद ही नही बल्कि जितने इस तरह के माफिया है जितने इस तरह के गलत लोग है उनको सजा हो रही है । जो कानून का काम है कि उसको सजा दिलाना और हमारे अधिकारियो का काम है कि उनकी पैरवी करना ।

# योगी जी के निर्देश पर प्रशासन द्वारा कात्यायनी मंदिर में रामायण का शुभारंभ

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




हरदोई शाहाबाद कात्यायनी शक्ति पीठ मोहल्ला पठकाना शाहाबाद में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर पुलिस प्रशासन द्वारा श्रीरामचरित मानस का अखंड पाठ का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी धीरेंद्र श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने कात्यायनी शक्ति पीठ पहुंचकर संस्कृत महाविद्यालय से सेवा निवृत्त प्राचार्य पुरुषोत्तम शर्मा के दिशा निर्देश में आचार्य राघव मिश्रा से विधिवत पूजन कराकर अखंड पाठ का शुभारंभ किया। उपजिलाधिकारी ब क्षेत्राधिकारी ने कात्यायनी शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी का माल्यार्पण किया गया और क्षेत्र की समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । कोतवाली शाहाबाद के उपनिरीक्षक रामलखन अवस्थी रतन सिंह सहित सभी पुरुष ब महिला आरक्षी गण उपस्थित रहे इस अवसर पर कात्यानी शक्ति पीठ कार्यसमिति के सभी सदस्य तथा समस्त सेवादार उपस्थित रहे।

# भागवत कथा सुनने मात्र से धुल जाते हैं पाप ... दिव्यता कुशवाहा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई शाहाबाद नगर के पंथवारी देवी मंदिर में मोहल्ला नौसारा बजरिया के भक्तों द्वारा भागवत कथा का कार्यक्रम करवाया जा रहा है।

साध्वी दिव्यता कुशवाहा द्वारा की जा रही भागवत कथा का पुण्य भक्तगण प्राप्त कर रहे हैं। शाहाबाद के मोहल्ला नौसारा स्तिथ पंथवारी देवी मंदिर की बहुत मान्यता है पूरे वर्ष यहां लोग अपनी मन्नत मांगने और पूर्ण होने पर माता का दर्शन करने आते रहते हैं नवरात्रि में मंदिर में मेले जैसा उत्सव रहता है इस बार नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तों द्वारा भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है ।जो 22 मार्च से चल रहा है जिसका समापन 30 मार्च को नवमी के दिन होगा मंगलवार की भागवत कथा में कृष्ण की लीलाओं का वर्णन साध्वी दिव्यता कुशवाहा द्वारा किया गया ।कथा में मीराबाई की कृष्ण भक्ति पर बोलते हुए साध्वी ने कहा कि प्रेम तो मीरा जैसा होना चाहिए प्रेम में जरूरी नहीं कि हम जिसे प्रेम करें उससे प्रतिउत्तर में भी हमे प्रेम मिल ही जाए ।कृष्ण के प्रेम में रमते रमते मीराबाई कृष्ण भक्ति में ही लीन रहने लगी ।मीराबाई के बालमन में कृष्ण की ऐसी छवि बसी थी कि यौवन काल से लेकर मृत्यु तक मीरा बाई ने कृष्ण को ही अपना सब कुछ माना।

जोधपुर के राठौड़ रतनसिंह जी की इकलौती पुत्री मीराबाई का जन्म सोलहवीं शताब्दी में हुआ थाण् बचपन से ही वे कृष्ण.भक्ति में रम गई थीं।

मीराबाई का कृष्ण प्रेम बचपन की एक घटना की वजह से अपने चरम पर पहुंचा था ।प्रेम की पीर और कृष्ण विरह की अनवरत धड़कनण्ण्णसरल शब्दों में कहा जाए तो मीरा प्रेम की पीर और कृ?ण विरह की अनवरत धड़कन थे ।इस अवसर पर आयोजकों के अलावा श्रद्धालु महिलाओं ने भागवत कथा सुनकर पुण्य कमाया।

# दुर्गा जागरण में रातभर भजनों पर झूमे श्रद्धालु

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई पाली। पंथवारी देवी परिसर में सोमवार रात मंदिर समिति की ओर से भगवती जागरण कराया गया। कलाकारों के भजनों को सुनकर श्रोता भक्तिरस की धारा में पूरी रात गोते लगाते रहे। गायक राकेश सिंह लक्खा बनारसी ने ष्मैं खड़ा द्वारे पेए पल पल करूं मैं वनतीष् और ष्प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानीष् पर भक्तों थिरकने पर मजबूर कर दिया। जागरण में जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे आदि गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। दिल्ली से आई कलाकार रुची किंकर के शिव तांडव स्त्रोत ने भक्तो का मन मोह लिया। कानपुर के संजू किंकर और लखनऊ से आए चित्रांश नमन के हिंदू जिंदाबाद उद्घोष से पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया। जागरण में सीतारामए लक्ष्मण और बजरंगबली की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। आसपास गांवों के सैकड़ो लोग भी जगराता में शामिल हुए। यहाँ सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स मुस्तैद रहा। इस मौके पर भाजपा नेता कुलदीप मिश्रए मंडल अध्यक्ष शिवम तिवारीए विनीत तिवारीए गुड्डू बाजपेईए रितिक गुप्ता कन्हैया गुप्ताए पप्पू गुप्ताए अजय गुप्ताए शैलेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान पर लगाया झोपड़ी में आग लगाने का आरोप

संवाददाता, पूरनपुर। मंदिर के पुजारी ने ग्राम प्रधान सहित कई लोगों पर झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की थी ।इस मामले में दर्जनों प्रधान कोतवाल से मिले ।उन्होंने प्रधान पर लगाए गए आरोपों को गलत बताते हुए मामले की जांच कराने की मांग की। इस पर प्रधानों को आश्वासन दिया गया। नगर से नरायनपुर जमीमा पूरनपुर मैं स्थित धार्मिक स्थल पर रहने वाले पुजारी अनुराग जोशी ने ग्राम प्रधान सहित कई लोगों पर शराब पीकर आश्रम में स्थित झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया था ।जिसमें पुजारी ने हजारों रुपए की नुकसान होना बताया था ।तहरी में प्रधान पर आरोप लगाया गया ।इस मामले की जानकारी लगने पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश पाल,ग्राम प्रधान सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित कई ग्राम प्रधान कोतवाली पहुंचे और उन्होंने कोतवाल आशुतोष रघुवंशी से मुलाकात की ।ग्राम प्रधानों ने प्रधान पर आग लगाने का लगाया गया आरोप गलत बताते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी ।पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि पुजारी पर कई मुकदमे लिखे हुए हैं। इससे पहले भी ग्राम प्रधान सुनील श्रीवास्तव को जान से मारने की धमकी व गालियां दे चुका है। जिसकी ग्राम प्रधान द्वारा पूर्व में प्राथमिकता दर्ज कराई गई थी। पत्र में कहा गया।

CMYK

# जिलाधिकारी द्वारा जिला कारागार का त्रैमासिक औचक निरीक्षण

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




अम्बेडकर नगर। जनपद न्यायाधीश पद्म नारायण मिश्र,मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट,प्रियंका सिंह, जिला मैजिस्ट्रेट अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा द्वारा जिला कारागार का त्रैमासिक औचक निरीक्षण भारी पुलिस बल के साथ किया गया।अन्य अहातों में जाकर बैरकों की सघन तलाशी करायी गई कोई भी निषिद्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई। तत्पश्चात् अस्पताल का भ्रमण किया वहां भर्ती बन्दियों का हाल पूछा, किसी के द्वारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गईबन्दियों से उनके खानपान, बिस्तर, चिकित्सा व्यवस्था, मुलाकात, पी. सी.ओ. से वार्ता तथा साफ सफाई के विषय में कोई शिकायत नहीं मिलने पर संतोष जताया संपूर्ण परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा शांतिपूर्ण माहौल एवं फूल पौधों की सजावट देखकर उन्होंने कारागार प्रशासन की प्रशंसा की। जेल अधीक्षक द्वारा बन्दियों एवं प्रशासनिक हित में किये जा रहे कार्यों की भी सराहना की रचनात्मक कार्यों के कार्यान्वयन में आने वाली अड़चनों को दूर करने हेतु भी अपना सहयोग प्रदान करने हेतु आवश्वस्त कियाकौशल विकास के अन्तर्गत महिला कारागार में महिला बंदिनियों द्वारा सिलाई व कड़ाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक अपर जिलाधिकारी डॉ0 सदानन्द गुप्ता, कारापाल गिरिजा शंकरयादव,चिकित्साधिकारी डॉ0 पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी जेलर छोटेलाल सरोज,अबसार अहमद, ध्रुव नारायण श्रीवास्तव व नंद किशोर, फार्मासिस्टअशोक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक,रघुनाथ प्रसाद यादव, कनिष्ठ सहायक विपिन कुमार व अनूप कुमार गोंड समेत समस्त स्टाफउपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अंबेडकर नगर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन दिवस रहा । समापन दिवस की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया । सत्र के प्रारंभ में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत तथा दहेज प्रथा पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ भानु प्रताप राय द्वारा सात दिनों में हुई समस्त गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई । विभिन्न छात्राओं द्वारा इस शिविर के सभी अनुभवों को मंच के सम्मुख प्रस्तुत किया गया । छात्राओं ने बताया कि उन्होंने इस शिविर से जो कुछ भी क्या सीखा, गाँव में विभिन्न अभियानों के माध्यम से लोगों से मिलने के अनुभवों और उनसे मिली सीख से जो भी ज्ञान मिला उसे अपने जीवन में उतारने की कोशिश करेंगे । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने दोनों कार्यक्रम अधिकारियों को शिविर के कुशलतापूर्वक संचालन के लिए बधाई दी तथा शिविरार्थी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि जो कुछ भी उन्होंने इस शिविर में सीखा उसे अपने जीवन में अपनाएं तथा देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें । जिस प्रकार जाति धर्म से परे हटकर इस शिविर में भाईचारे की जिस भावना से उन्होंने सात दिन बिताए ऐसे ही पूरे जीवन व्यवहार करने की कोशिश करें ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवम निर्देशन में वासंतिक नवरात्रि में हुई महिला संगोष्ठी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अम्बेडकर नगर। कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के मंशानुरूप वासंतिक नवरात्रि व रामनवमी मनाए जाने के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन एवं अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ,उपायुक्त स्वतरू रोजगार,जिला प्रबंधन इकाई एवं ब्लॉक प्रबंधन इकाई की उपस्थिति रही! कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता से की गई जिसमें मुख्य अधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि किसी देश को सशक्त बनाने हेतु वहां की महिलाओं को सशक्त बनाना बहुत जरूरी है इसके साथ सरकार द्वारा चलाए जा रहे।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से महिलाएं स्वरोजगार कर स्वयं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रही हैं इनके कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने हेतु सतत प्रयास किया जा रहा है डिप्टी कमिश्नर एन आर एल एम द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लेकर बताया गया कि महिला एक मां बहन और पत्नी के रूप में पुरुष जाति के जीवन में अहम भूमिका निभाती है तब जाकर एक सशक्त नागरिक एक सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े लाभार्थियों के सामूहिक प्रयासों के प्रयासों से विकास व समृद्धि की दिशा में सार्थक परिणाम मिलने लगा है। कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओं द्वारा अपनी सफलता की कहानी जिलाधिकारी महोदय के सामने रखी गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा समूह की महिलाओं द्वारा किए गए प्रोडक्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि उपज का सही



मूल्य उपलब्ध कराने में हर प्रकार से सहयोग जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। साथ ही साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा विश्वास दिलाया गया कि किसी भी समय जिला प्रशासन मदद के लिए हमेशा तैयार है।जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए महिलाओं को सभी विभागों के साथ भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा मेट,केयरटेकर, पी0डी0एस शॉप जैसे अन्य विभागों के कन्वर्जेंस के साथ महिलाओं की भागीदारी बड़ी है इसी के क्रम में सरकारी संस्थानों में प्रेरणा कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, समूह की महिलाएं तथा संबंधित विभाग के अधिकारी ध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# रामनवमी मेले के निरीक्षण पर कार्यों में शिथिलता पर बिफरे नगर विधायक

## अगर तैयारियों में रही कोई कमी तो मेले बाद होगी कार्रवाई

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



अयोध्या। नगर विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता ने आज रामनवमी मेले का भीड़ अधिक होने से दुपहिया वाहन पर सवार होकर अयोध्या के स्नान घाटों, रामपथ,भक्ति पथ, हनुमानगढ़ी आदि क्षेत्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सिंगार हॉट से हनुमानगढ़ी जाने वाले रास्ते पर ठेकेदार द्वारा लापरवाही पूर्वक किए गए कार्यों को देख कर नगर विधायक बिफर गए और तत्काल पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कड़े शब्दो मे कार्य को पूरा करने का आदेश दिया। सासमय व गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं होने पर रामनवमी मेले के बाद समीक्षा उपरांत कार्यवाही करने की भी चेतावनी दी। श्री गुप्ता के द्वारा आज पुलिस बल व अधिकारियों के साथ अयोध्या के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर मेले में आए श्रद्धालुओं से मिलकर उनका हाल-चाल लेकर मेले में दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने रामपथ, भक्ति पथ का निरीक्षण करते हुए सिंगारहॉट से हनुमानगढ़ी तक के रास्ते को तत्काल पूरी तरह ठीक करने को कहा क्योंकि सबसे ज्यादा भीड़ का दबाव हनुमानगढ़ी के ही रास्ते पर होता है,इसलिए इस मार्ग को तत्काल सुदृण किया जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज कल में अयोध्या के मुख्य मार्गों पर व्याप्त मिट्टी इत्यादि साफ हो जाए और साफ सफाई की समुचित व्यवस्था होकर चूना आदि का छिड़काव हो जाए कहीं पर भी गंदगी जमा ना मिले अगर कहीं गंदा पानी बह रहा या जमा है, उसको भी तत्काल ठीक किया जाए साथ ही साथ जहां-जहां बैरिकेडिंग की आवश्यकता है उसको मजबूती से करा लिया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अयोध्या के तमाम साधु संतों के मठ मंदिरों में उनके श्रद्धालु और भंडारे के खाद्यान्न आदि का आवागमन भी होता है, इसलिए इसकी एक समय अवधि बनाई गई है। खाद्यान्न के आवागमन में समस्या ना हो इसको लेकर जो कार्य प्रणाली सुनिश्चित की गई है उस पर सभी पुलिसकर्मियों द्वारा अमल किया जाए।इस अवसर पर नगर विधायक के साथ कोतवाल अयोध्या आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# बस्ती पहुंचे मुख्यमंत्रीपूर्व एमएलसी डॉक्टर वाई डी सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया

## बस्ती अब लिख रहा विकास की नई गाथा: योगी



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बस्ती। बस्ती जनपद पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुबौलिया क्षेत्र के धर्मपुर में पूर्व एमएलसी डॉक्टर वाई डी सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया . इसके साथ ही स्मृति ग्रंथ का भी लोकार्पण कर जनसभा को संबोधित किया . जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टर वाई डी सिंह ने काफी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं . उन्होंने अपने दायित्वों को भली बात समझा और अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया है जिसकी वजह से आज उन्हें हम भली-भांति जानते हैं .कहा कि जब भारत का नागरिक ईमानदारी के साथ कार्य करेगा तो निश्चित ही राष्ट्र विकास की ओर बढ़ेगा . उन्होंने कहा कि बस्ती अब विकास की नई गाथा लिख रहा है . जनपद में महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज पॉलिटेक्निक और आईटीआई कॉलेज बड़े पैमाने पर खुल रहे हैं . जिससे यहां के युवाओं को अपने नजदीकी क्षेत्रों में ही अच्छी व गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त हो सके . मुंडेरवा चीनी मिल क्षमता में वृद्धि कर दी गई है . इससे यहां की चीनी सिर्फवह प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश और दुनिया में अपनी पहचान बनाएगी . इसी चीनी मिल से ही एथेनाल का उत्पादन भी किया जा सकेगा . आने वाले समय में डीजल और पेट्रोल को लेकर निर्भरता खत्म हो जाएगी . चीनी मिल से फाइन शुगर भी निकलेगा . इनके अलावा भविष्य में बिजली उत्पादन की भी संभावनाएं बढ़ेंगी . उन्होंने कहा कि बस्ती के लोगों कोहवाई यात्राओं के लिए भी गोरखपुर और लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा . कुछ ही दूरी पर राम की नगरी अयोध्या में हमें अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुविधा उपलब्ध होगी जिससे हम वहां से देश-विदेश की भी यात्राएं आसानी से कर सकेंगे . कहा कि महर्षि वशिष्ठ की धरती बस्ती को पंचकोशी 14 कोशी और 84 कोशी के परिक्रमा मार्ग को टू -लेन और फोरलेन में परिवर्तन किया जाएगा . ताकि लोगों की बाधाओं को दूर किया जा सके .

# राइट टू हेल्थ बिल को लेकर आई एम ए ने किया विरोध प्रदर्शन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बस्ती। राजस्थान विधानसभा में चिकित्स्कों के भारी विरोध के बावजूद भी राइट टू हेल्थ (त्ज्भ्) बिल को 21 मार्च 2023 को पास किया गया है। आई एम ए उत्तर प्रदेश राज्य शाखा के सभी सदस्य राजस्थान सरकार द्वारा चिकित्सकों के भारी विरोध के बावजूद जनविरोधी राइट टू हेल्थ (त्ज्भ्) बिल को पारित किये जाने से दुखी एवं आक्रोशित है।पिछले कई दिनों से राजस्थान प्रदेश के डॉक्टर अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण हड़ताल पर हैं। फिर भी सरकार ने उन पर दमनात्मक एवं बर्बरतापूर्ण कार्यवाही करते हुए वाटर कैनन से पानी बरसा कर और साथ दृ लाठी भी चार्ज करवा कर चिकित्सक के जनविरोधी- राइट टू हेल्यर बिल लायी है तो यह कामयाब नही होगा।उत्तर प्रदेश आई एम ए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव बताया कि यह बिल आम जनो को संविधान के धारा 21 के अंतर्गत सरकार द्वारा डॉक्टर्स को राइट टू लिव' अधिकार से वंचित करने का प्रयास है। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने दायित्व को प्राइवेट सेक्टर पर बिना किसी खर्च फेंक कर उन्हें बर्बाद करने पर उतारू है।राजस्थान सरकार जब तक इस जान विरोधी काले कानून राइट टू हेल्थ (त्ज्भ्) बिल को वापस नहीं लेती है तब तक आई एम ए उत्तर प्रदेश इसका हर स्तर पर विरोध करना जारी रखेगा। इस बिल से सम्बंधित कमेटियों में डाक्टरों को शामिल न किया जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बिल में बिना सुनवाई सजा का प्राविधान है, इमरजेंसी की कोई परिभाषा नहीं है कोई भी डाक्टर किसी का भी इलाज करेगा यह किसी भी तरह से व्यवहारिक नहीं है। बिल में व्यवहारिक संशोधन किया जाना चाहिए। यह पूरी तरह से चुनावी बिल है। जिला अध्यक्ष नवीन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राजस्थान के



चिकित्सकों के समर्थन में राष्ट्रीय के निर्देशानुसार राष्ट्रव्यापी आंदोलन के प्रथम चरण में आज दिनांक 27 मार्च 2023 को पूरे देश में सांकेतिक काला दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है।

आज के दिन पूरे देश में चिकित्सक काली पट्टी बांध कर कार्य करेंगे। राजस्थान एवं केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा गया, अपने आई0 एम0 ए0 शाखा वस्ती से राजस्थान के साथियों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया गया और यह भी फैसला लिया गया कि अगर जरूरत पड़ती है तो केंद्रीय निर्णय के अनुसार भविष्य में राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए भी हम तैयार रहेंगे।

## यादव डेयरी से पनीर का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा

सवांददाता, अम्बेडकर नगर। खाद्य सुरक्षा विभाग जिलाधिकारी अंबेडकरनगर व सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देश पर तथा के.के.उपाध्याय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर के नेतृत्व में जनपद में चल रहे नवरात्रि अभियान में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा दोस्तपुर चौराहा, अंबेडकरनगर पर यादव डेयरी का निरीक्षण कर पनीर का नमूना संग्रहित का जांच हेतु भेजा हजपुरा में विकास किराना स्टोर का निरीक्षण कर मखाने का नमूना संग्रहित का जांच हेतु भेजा मालीपुर रोड, जलालपुर में नारायणी ट्रेडर्स का निरीक्षण कर मूंगफली दाना का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा कासिमपुर कर्बला में हरिश्चंद्र के किराना की दुकान का निरीक्षण करते हुए सिंघाड़ा आटे का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा।बरियावन बाजार में मोहित ब्रदर्स किराना स्टोर का निरीक्षण कर किशमिश का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया। आज कुल 5 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु भेजे गए।टीम में हंसराज प्रसाद, गुलाब चंद गुप्ता, पुरन्दर यादव, मनीषा सिंह व आदर्श प्रताप मौजूद रहे।

## माँ हट्ठी महारानी के दिव्य दरबार में लगा भक्तों का ताँता

सवांददाता, अयोध्या। चौत्र नवरात्र में पूरा अयोध्या माँ मय हुआ है चारों तरफ श्रद्धा ,भक्ति और उल्लास का वातावरण फैला है । शहर के बीचों-बीच चौक रिकाबगंज मार्ग पर स्थित माँ हठी महारानी मंदिर में प्रतिदिन सुबह से ही भक्तों का ताँता लगा रहता है ।वहाँ रात्रि में आरती के बाद तक ये सिलसिला चलता है ।भक्तअपनी माता के दर्शन पूजन करते हैं ।यहाँ जन जन में ये मान्यता है कि माँ मूर्ति रूप में साक्षात विराजमान है ,और माँ के समक्ष माथा टेकने पर वो अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती है । माँ के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। माँ हट्ठीमहारानी की प्रतिमा के बारे में कहा जाता है कि महाभारत काल के पूर्व अर्थात् आज से लगभग पाँच हजार वर्ष के होने का दावा है। यह मंदिर दक्षिण दिशा मुखी है इसलिए इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। माँ के दरबार में दोनों नवरात्रि में प्रतिदिन 108 बत्ती की आरती का आयोजन होता है ,जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं और उस समय इतनी भीड़ होती है कि नगर का मुख्य मार्ग रिकाबगंज पूरी तरह से जाम हो जाता है ,व उस समय यातायात व्यवस्था एकल मार्ग के रूप में परिवर्तित कर दी जाती है । प्रत्येक नवरात्रि की सप्तमी को सम्पूर्ण रात्रि में सवा कुंटल हवन सामग्री से पूर्ण आहुति देते हुए रात्रि जागरण किया जाता है । मंदिर में समय समय पर भंडारे व जागरण का भी आयोजन विशाल रूप से सम्पन्न होता है । माँ के अनेकों चमत्कार एवं किस्से यहाँ जन जन में प्रचलित है जिनसे भक्तों में भक्ति के प्रति शक्ति देखने को मिलती है । प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दरबार में प्रात: काल से लेकर देर रात्रि तक आते रहते हैं ,वही कृपालु माँ अपनी कृपा अपने भक्तों पर बरसाती हैं।

## जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया गया औचक निरीक्षण

सवांददाता, अंबेडकरनगर। जनपद न्यायाधीश पदम नारायण मिश्रा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान हास्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई, तत्पश्चात कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओंध्सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। मौजूद सभी कारागार कर्मियों को सख्त हिदायत दी गई कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्णध्सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक हर्षिता मिश्रा, अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता , क्षेत्राधिकारी नगर सुरेश कुमार मिश्रा , महिला थाना अध्यक्ष बंदना अग्रहरि , उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में जीजा साले समेत तीन लोगों की मौत

सवांददाता, बस्ती। बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र में सीएचसी बनरहा के पास सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे में जीजा-साले समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि किशोरी समेत दो अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दो बाइक की आमने सामने के भिड़ंत के बाद बाइक पर सवार जीजा-साले व एक अन्य सड़क पर गिर पड़े। तभी एक ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया।गोरखपुर के हरपुर बुदहट थानांतर्गत समुदा सोनबरसा गांव निवासी झिन्नू (40) पुत्र नंदा की बेटी खुशबू (16) बस्ती के कलवारी थानांतर्गत मुरादपुर गांव में मौसी के घर आई थी। झिन्नू अपने साले सुरेन्द्र (35) पुत्र केदन निवासी हकीमपुर थाना धनघटा संतकबीरनगर के साथ बेटी को ले जाने बाइक से बस्ती आए थे। सोमवार को तीनों दोनों बाइक से गोरखपुर की तरफलौट रहे थे। गायघाट नगर पंचायत में सीएचसी बनरहा के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इस बाइक पर राजेश (32) पुत्र हरिलाल, बजरंगी (36) पुत्र मिट्ठी निवासी गुलरिया छपरा थाना धनघटा संतकबीरनगर और परशुराम निवासी धरौरा थाना नगर बस्ती सवार थे। बाइकों की भिड़ंत के बाद सभी छह लोग सड़क पर गिर पड़े।

## आमिर ने गोलू बनकर युवती से की शादी, अपहरण और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

सवांददाता, बस्ती। बस्ती के आमिर सुहेल ने अपना नाम गोलू बताकर छात्रा से दोस्ती किया नजदीकी बढ़ाई और मंदिर में शादी कर ली। कुछ दिन बाद से वह युवती पर धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा तब उसने खजनी थाने में तहरीर दी। खजनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफधर्म छिपाकर शादी, अपहरण और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है। खजनी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत उनवल की युवती ने यह मुकदमा दर्ज कराया है। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बस्ती जिले के आमिर सुहेल पुत्र अब्दुल कल्लू काल्पनिक नाम गोलू के जरिए दो वर्ष पूर्व उससे मिला।लड़की ने बताया कि 2020 में जब वह कालेज जा रही थी, उसी दौरान उसका मोबाइल गिर गया, जिसको युवक ने उठा लिया।

# नव निर्मित तहसील भवन का एसडीएम ने किया निरीक्षण

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



बल्दीराय, सुल्तानपुर। उपजिलाधिकारी मंगलवार को तहसील भवन निर्माण का निरीक्षण करने पहुंच गए। साथ ही तहसील भवन के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सामग्री लगाए जाने की हिदायत दी। क्षेत्रवासियों की मांग पर सपा सरकार में 10 जून 2016 को बल्दीराय को तहसील का दर्जा देकर जिले की पांचवीं तहसील बनाया गया था। तीन साल से डाक बंगले पर ही तहसील से संबंधित कार्य को संचालित किया जा रहा है। वर्तमान समय में नवनिर्मित तहसील भवन का पीडब्ल्यूडी की ओर से निर्माण कार्य चल रहा है। मंगलवार की सुबह एसडीएम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने तहसील निर्माण कार्य व निर्माण सामग्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें निर्माण के लिए रखी ईंट, सीमेंट, मोरंग की मात्रा गुणवत्तापूर्ण मिली। एसडीएम ने ठेकेदार को मापदंडों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य मानक के अनुसार किया जाए।

# युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी पुलकित सिंह ने डीएम जसजीत कौर को सौंपा ज्ञापन

## ❍ ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न समस्यायों को लेकर सौंपा ज्ञापन,सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह सिंह के पुत्र हैं पुलकित सिंह।

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर। दरअसल पुलकित सिंह लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं, ऐसे में ग्रामीण लोगों से मुलाकात के दौरान जो प्रमुख समस्यायें उनके समक्ष आ रही हैं उन्ही चिन्हित बिंदुओं को एकत्रित कर वे कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी जसजीत कौर को क्षेत्र के प्रमुख समस्याओं पर कार्यवाही की मांग की। पुलकित की माने तो क्षेत्र में लगभग हर गांव में सफाई कर्मियों की नियुक्ति तो है, लेकिन न ही कभी सफाई कर्मी गांव आते हैं और न कभी वहां सफाई होती है। इसके साथ ही ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्रों पर चल रही सरकारी योजनाओं का बुरा हाल है।गर्भवती महिलाओं और वहां पढ़ने वाले बच्चों को पुष्टाहार वितरित ही नही किया जाता है। ज्यादातर गांव में छोटी छोटी नालियों और सड़कों की समस्याएं हैं। लिहाजा उन्होंने जिलाधिकारी से प्रमुख विन्दुओ पर अनुरोध किया की कि प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को निर्देशित कर इसके निर्माण कार्य मे तेजी लाई जाय, ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो। वहीं कई गांव में छोटी छोटी नालियों के न बनने से जलभराव की समस्या है और बारिश के दिनों में ये समस्या और बढ़ जाती है जिसके चलते बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। लिहाजा ऐसे स्थानों को चिन्हित कर पुलकित निर्माण कार्य करवाये जाने का अनुरोध किया। इसके साथ ही पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से कई किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं




लिहाजा किसानों की फसलों का तत्काल समीक्षा करवा कर किसान बीमा योजना के तहत उन्हें लाभ दिलवाने का आदेश जारी किया जाय। वहीं समाजसेवी पुलकित सिंह ने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किये जाने की मांग की, ताकि किसानों को इसका फायदा मिल सके। इसके साथ ही ग्राम सभाओं में ब्लाकों के जरिये छोटी छोटी कनेक्टिविटी हेतु खड़ंजा, सीसी और इंटरलॉकिंग निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया।

# कुलभास्कर में 30 वां प्रादेशिक रोवर्स रेंजर्स का शुभारंभ

संवाददाता

प्रयागराज। कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 27 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित होने वाले 30 वां प्रादेशिक रोवर्स,रेंजर्स के समागम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. अखिलेश कुमार सिंह कुलपति प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज ने अपने उदबोधन में रोवर्स, रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम में प्रशिक्षण लेकर रोवर रेंजर अपने जीवन कौशल से समाज सेवा में तत्पर रहेंगे एवं सामाजिक उत्थान और विकास के लिए परस्पर सहयोग की भावना से कार्य करेंगे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.ब्रह्मदेव निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश ने अपने संबोधन में कहा कि रोवर्स,रेंजर्स का योगदान सामाजिक विकास में अतुलनीय है। महाविद्यालय के संरक्षक चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह अध्यक्ष कायस्थ पाठशाला ने कायस्थ पाठशाला द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए के शैक्षिक, स्वास्थ्य संबंधी एवं सामाजिक विकास में किए जा रहे योगदान का उल्लेख किया। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. गीतांजलि मौर्य ने अपने द्वारा प्रदेश भर से आए हुए रोवर्स ,रेंजर्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कार्यक्रम के यह 3 दिन जीवन कौशल के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन करते हुए आपको सामाजिक विकास के योद्धा के रूप में विकसित करेंगे जिससे निश्चित ही हमारा समाज लाभान्वित होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों की विजेता एवं उपविजेता रोवर्स ,रेंजर्स टीमें अपने प्रभारियों के साथ उपस्थित होकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगी। इस समय झांसी,बांदा,चित्रकूट, कानपुर ,आगरा ,इटावा, वाराणसी,गाजीपुर,मेरठ, प्रयागराज, कौशांबी आदि जिलों की टीमें भाग ले रही है।इस समागम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कायस्थ पाठशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह, डॉ.के.के. श्रीवास्तव उपाध्यक्ष प्रशासन, राकेश खरे, उपाध्यक्ष वित्त, सुनील दत्त कौटिल्य महामंत्री, तथा प्रधानाचार्य केपी इंटर कॉलेज की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के अधिकारी कमलेश द्विवेदी तथा वेद प्रकाश भगत एवं उनकी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों की रोवर्स, रेंजर्स की कुल 22 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रो. राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न विषयों के अधिष्ठाता एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षक संघ के प्रदेश स्तरीय महामंत्री प्रो.पी.के.सिंह, कुलभास्कर आश्रम महाविद्यालय के




प्रो.रवि प्रसाद श्रीवास्तव, इंजीनियर आर.पी. सिंह, प्रो.वी.एन.पांडेय, विकास सिंह, प्रो.पवन कुमार पचौरी सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात कुलपति एवं अतिथियों द्वारा रोवर्स,रेंजर्स की समस्त टीमों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.एस. पी.वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो.शिव प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

# पुलिस कमिश्नरी के 2 वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठ समाजसेवी मुरारी लाल अग्रवाल ने बधाई दी

संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश योगी सरकार ने अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस विभाग में कई बदलाव किए जिससे कि आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास हो यूपी के कई शहरों में आए दिन अपराधिक घटनाओं को देखते हुए प्रदेश सरकार ने पुलिस कमिश्नरी लागू की गई जिसको देखते हुए 2 वर्ष पूर्ण हो गए कानपुर में पुलिस कमिश्नर लागू होने से शहर में अपराधिक घटनाओं में काफी हद तक सुधार देखा गया है ऐसे ही कई अन्य आम जनमानस को राहत देने के उद्देश्य से कई मुहिम चलाई और उसका समाज में असर देखने को




मिला भयमुक्त वातावरण और अपराधों में कमी आई ऐसी कई पुलिस के द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखते हुए शहर के जाने-माने वरिष्ठ समाजसेवी मुरारी लाल अग्रवाल जी ने शहर के नजीराबाद थाने में प्रशासनिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभी पुलिस अधिकारी समस्त स्टाफ को पुलिस कमिश्नरी के 2 वर्ष सफल पूर्ण होने पर बधाई दी और सभी की सराहना की उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि पुलिस अपना बहुत अच्छे से काम कर रही है और अपना दायित्व आम जनमानस के बीच में जाकर अच्छा संदेश दे रही है शहर के ज्यादातर अपराधी जेल में जा चुके हैं या फिर शहर छोड़ चुके हैं यह बहुत ही अच्छी बात है और पुलिस वाकई में तारीफ का काम कर रही है जनहित में अच्छे काम किए जा रहे मैं पुलिस को शुभकामनाएं देता हूं और ऐसा ही शहर की जनता के बीच में पुलिस अपना अच्छा प्रदर्शन करेगी यह मैं आशा करता हूं इस दौरान नजीराबाद थाना के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सुरक्षित रहे,यातायात के नियमों का पालन करें : शुवेता चौधरी



संवाददाता

हापुड़। पिलखुवा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पर संतोष मेडिकल कॉलिज एंड हॉस्पिटल गाजियाबाद की जी.एम शेवता चौधरी के नेतृत्व में हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा आने जाने वाले वाहन स्वामियों को यातायात के नियमों के विषय मे जानकारी दी गई। जी.एम शेवता चौधरी ने उस दौरान बिना हैलमेट लगाए चल रहे दो पहिया वाहन स्वामियों को रुकवाकर यातायात के नियमो से जागरूक करते हुए वाहन चलाते समय हैलमेट के प्रयोग करने का आग्रह किया तो वही अस्पताल के आपातकाल नम्बर भी दिए।

# विंग्स फॉर फ्यूचर ट्यूशन सेंटर का भव्य शुभारंभ

संवाददाता

कानपुर। पनकी सी ब्लॉक में विंग्स फॉर फ्यूचर ट्यूशन सेंटर का भव्य शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के दौरान डॉ शिव वीर सिंह भदौरिया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि आज हमारे नवनिर्मित विंग्स फॉर फ्यूचर ट्यूशन सेंटर का भव्य शुभारंभ एमएलसी अरुण पाठक के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया आए हुए मुख्य अतिथि का समस्त स्टाफ ने अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया इस दौरान विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी हमारे ट्यूशन सेंटर मे कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थियों को अच्छी सुगम ट्यूशन देने की व्यवस्था रखी गई है ट्यूशन कक्षाओं



में पुरुष महिलाओं द्वारा ट्यूशन देने की सुविधा प्रदान की गई है सभी क्लास को वाईफाई हाईटेक स्मार्ट क्लास को परिवर्तित किया गया है जिस में आए हुए सभी विद्यार्थी आराम से सभी विषयों पर ध्यान पूर्वक अध्ययन कर सकें लोगों से कहना चाहूंगा हमारे ट्यूशन संस्थान में आकर शिक्षा विषयों पर जाने और आगे अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं आए हुए सभी सम्मानित लोगों ने नवरात्रि के अवसर पर फ्लाहारी सल्पाहार का आनंद लिया इस दौरान कार्यक्रम मुख्य रूप से जीवाजी पांडे प्रखर पांडे कुशाल पांडे आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्टार्टअप्स से व्यापार विकसित करने पर दिया जोर

संवाददाता, प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इंक्युबेशन सेंटर में सोमवार को स्टार्टअप मेला आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य स्टार्टअप को अपने नवाचारी उत्पादों,सेवाओं का प्रदर्शन करने और अपने व्यापार नेटवर्क को विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। मेले का उद्घाटन विश्वविद्यालय की वाइस-चांसलर प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने स्टार्टअप्स से अपना व्यापार विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया और छात्रों को अपना स्टार्टअप शुरू करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। लगभग 36 स्टार्टअप जिनमे वस्त्र और कपड़े, हस्तशिल्प, मोटे अनाजों से बने




उत्पाद, गोबर उत्पाद, अचार, स्वास्थ्य देखभाल, डिजिटल मार्केटिंग, पुस्तकें, चित्रकलाएं, वित्तीय सेवाएं, मसाले और इवेंट मैनेजमेंट जैसे स्टालों का प्रदर्शन किया गया। यह आयोजन प्रो.एन.के. शुक्ला और प्रो.एस.आई. रिजवी और प्रो.ए.के.सिंघल के निर्देशन में हुआ। प्रो.शांति सुंदरम ने कार्यक्रम का समन्वय किया और साथ मे डा.शेफाली नंदन सह-समन्वयक की भूमिका मे थीं। संगठन समिति के अन्य सदस्य प्रो.नीलम यादव,डा. एकता वर्मा, डा.हिमांशु,डा. अर्चना,डा.रोहित, डा.पंडा,डा. चरिता, डा.राजेश,डा.संदीप और डा.सिमन्त आदि उपस्थित रहे।

# सुब्रत पाठक ने राहुल की सदस्यता रद्द होने बताया जायज

संवाददाता, कन्नौज। यूपी सरकार 2.0 के एक वर्ष पूरे होने उपलब्धियां गिनाई गई। यहां भाजपा सांसद ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी पर हुई कार्रवाई को जायज ठहराया और कहा कि गांधी परिवार एक गरीब और पिछड़ी जाति के प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर पा रहा। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र वितरित किया। भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अभद्र शब्द का प्रयोग किया। उनकी माता और पिता को गाली दी। इससे भी राहुल गांधी का पेट नहीं भरा तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जाति को गाली दी। वह प्रधानमंत्री को विरोध करते-करते देश का विरोध करने लग गए। ऐसे व्यक्ति की संसद सदस्यता जाना कोई बड़ी बात नहीं। सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता के अनुसार देश का प्रधानमंत्री सिर्फ गांधी परिवार में पैदा हुआ व्यक्ति ही बन सकता है। इसीलिए गरीब और पिछड़े परिवार के प्रधानमंत्री को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं कर पा रही। इसी पीड़ा के कारण कांग्रेस के लोग प्रधानमंत्री को अपमानित करने वाली भाषा का इस्तेमाल करते रहते हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर कहा कि सपाइयों के लिए तो खुलेआम कहा जाता है कि जो जितना बड़ा समाजवादी वह उतना बड़ा अपराधी। अखिलेश यादव जिस तरह की दुत्कारने वाली भाषा का सार्वजनिक स्थानों पर इस्तेमाल करते हैं। वो किसी अपराधी की ही भाषा हो सकती है और यदि ऐसे अपराधी से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जान के खतरे का अंदेशा जताया है तो वो सही ही होगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने से पहले केजरीवाल ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ऐलान किया था।

# पनकी में नवनिर्मित बी एन के शिक्षण संस्थान का भव्य शुभारंभ

संवाददाता

कानपुर। कानपुर पनकी स्थित एफ ब्लॉक मे बी एन के शिक्षण संस्थान का भव्य शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रबंधक राकेश मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि आज हमारे नवनिर्मित विद्यालय का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र मैथानी के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया आए हुए विशिष्ट अतिथियों का विद्यालय की प्रिंसिपल सहित स्टाफ के लोगों ने सभी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया लगभग 35 वर्षों से बाबा नीमकरोरी सरस्वती शिक्षा मंदिर पनकी में शिक्षण क्षेत्र में कार्य करता चला आ रहा है और लोगों का अपार प्यार मिल रहा है जिसके चलते विद्यालय के नवीन स्वरूप को एक नई पहचान देने के साथ आने वाली पीढ़ी को उच्च कोटि





की शिक्षा प्राप्त हो सके आज के बदलते समाज को देखते हुए सभी कार्यक्षेत्र में बदलाव होता आ रहा है और कहीं ना कहीं शिक्षा जगत में भी बहुत बदलाव देखने को मिला है ऐसा ही कुछ हम लोगों ने छोटा सा प्रयास किया है आने वाली पीढ़ी को एक नई शिक्षा प्रदान की जाए जिसमें बच्चे आगे चलकर भारतीय मूल्य और संस्कारों के साथ आधुनिक अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त कर सकें हमारा उद्देश्य स्वाभिमानी संस्कारी स्वावलंबी और प्रशिक्षित बच्चे शिक्षा प्राप्त करके एक अच्छा जीवन में मुकाम हासिल करें विद्यालय की प्रगति में सबसे बड़ा योगदान प्रधानाचार्य श्रीमती शैलजा जी का रहा है जिन्होंने अपनी मेहनत कार्यकुशलता से विद्यालय को एक नया रूप प्रदान किया जिसमें स्मार्ट क्लास सहित अन्य सुविधाएं मौजूद हैं इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुराधा अवस्थी ब्लाक प्रमुख भाजपा दिनेश अवस्थी दिनेश बाजपेई विद्यालय सलाहकार डॉ गौरव मिश्रा सुधा मिश्रा वैभव मिश्रा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गुलजार की हत्या करने वाले हत्यारोपी भतीजा हुआ गिरफ्तार

## आपसी पारिवारिक रंजिश के चलते गोली मारकर की थी अपने चाचा की ही हत्या

संवाददाता

हापुड़। जनपद हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा मुख्य हत्यारोपी भतीजे को गिरफ्तार किया गया है, वही गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र अधिकारी स्तुति सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि थाना सिम्भावली क्षेत्र के गांव अनूपपुर डिबाई में कुछ दिन पूर्व आपसी पारिवारिक रंजिश को लेकर एक युवक द्वारा अपने सगे चाचा गुलजार की गोली मारकर हत्या कर दी थी और पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे जिसके कब्जे व निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल तमंचा व तीन खोखा कारतूस बरामद हुए हैं गिरफ्तार अभियुक्त जो मृतक गुलजार का भतीजा गुलफाम पुत्र इन्तजार नि0 ग्राम अनुपपुर डिबाई थाना सिम्भावली तथा घटना में शामिल एक साथी राहुल अभी फरार हैं।



# पांच महीने के बच्चे की मौत,चाची ने सिर पर हथौड़ा मारकर घटना को दिया अंजाम

संवाददाता, कन्नौज। जिले में पांच महीने के बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। आरोप है कि चाची ने ही बच्चे के सिर पर हथौड़ा मार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मामले की जानकारी मिलते ही तिर्वा कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# नव दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना के साथ हुआ भजन कीर्तन

संवाददाता, शुक्लागंज,उन्नाव। चौत्र नवरात्र के छठे दिन सोमवार को मां दुर्गा के छठे स्वरूप कात्यायनी देवी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने घरों में पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिरों में पहुंचकर मां दर्शन किए। नगर के राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर तथा अन्य मंदिरों पर दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वही अंबिकापुरम में नव दुर्गा मंदिर में कमेटी की महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। मान्यता है कि महर्षि के पुत्र ऋषि कात्य ने भगवती पराम्बा की उपासना कर उनके घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने की प्रार्थना की थी। मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली थी। इन्हीं कात्य गोत्र में विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। कुछ समय बाद दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बहुत बढ़ गया, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी कारण से यह कात्यायनी कहलाई। मान्यता है कि कात्यायनी माता की विधिवत पूजा करने से सभी भौतिक व अध्यात्मिक मनोकामना की पूर्ति होती है।

# लक्ष्य निर्माण योजना ट्रस्ट व जिला माहेश्वरी युवा समाज संगठन द्वारा द्वितीय पुस्तक डोनेशन व एक्सचेंज मेला हुआ सम्मपन

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ में लक्ष्य निर्माण योजना ट्रस्ट व जिला माहेश्वरी युवा समाज संगठन द्वारा गढ़ रोड पर स्थित आर्य समाज मंदिर में में द्वितीय पुस्तक डोनेशन व एक्सचेंज मेला सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें काफी अभिभावक और बच्चो ने हिस्सा लिया इस मेले के द्वारा हजारों बच्चे पुस्तक मेले में जाकर लाभान्वित हुए और संस्था द्वारा किए गए कार्य को लोगों ने काफी सराहा और संस्था के सदस्यो को प्रोत्साहित किया लक्ष्य और जिला माहेश्वरी युवा संगठन के सदस्यों का प्रयास सफल रहा इस पुस्तक एक्सचेंज मेले में रीना ,प्रगति गुप्ता हापुड़ प्रभारी, कपिल, नीरज गुप्ता सचिव, अनुज माहेश्वरी सह कोषाध्यक्ष, धीरज राहिल, वरुण,विनित, नितिन,हर्षित हर्ष, अनुज माहेश्वरी,राकेश सिंघल व आकाश आदि लोगों मौजूद रहे

# हाजी मौ0 यूसुफ कुरैशी को हापुड़ का दलित समाज हमेशा रखेंगा याद

संवाददाता, हापुड़। जनपद हापुड़ में 2 अप्रैल 2018 की घटना है जब दलित समाज के लोगों ने आरक्षण को लेकर जनपद हापुड में सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया था तब अराजक तत्वों ने दंगा फसाद कर दिया था उस दौरान जब सारा हापुड़ दलितों के दिग्गजों लोगों को मुकदमों फंसाने का काम कर रहा था वही अधिवक्ता बीपी सिंह ने बताया कि तब हापुड़ बार एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष जनाब हाजी मौ0 यूसुफ कुरैशी साहब उस समय डट कर दलित समाज के लोगों के साथ खड़े रहें। ऐसी शख्शियत को सलाम करता हूं इनका इस्तकबाल करते हैं।

# जिला पंचायत कार्यालय में हुआ हवन पूजा

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ जिला पंचायत कार्यालय में नवरात्र के शुभ उपलक्ष्य पर हवन पूजा कराया गया जिसका मुख्य उद्देश्य की चारो ओर फैली नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर सकारात्मक ऊर्जा को जागृत कर समस्त संसार का उद्धार करना है माता रानी प्रशन्न हो ओर सभी के दु:ख कष्टों को हर ले ओर सभी पर अपनी करुणयमयी दृष्टि बनायें रखे वही जिला पंचयात अध्यक्ष रेखा नागर ने कहा की हमको धर्म से जुड़ कर समाज के लिये कार्य करने चाहिए जिससे समाज की सही दिशा मिल सके। इस मोके पर समाजसेवी प्रमोद नागर, अपर मुख्य अधिकारी आरती मिश्रा, शोम लता व्यास ए.ओ देवी सहाय,आदेश कुमार,पंडित विनोद शास्त्री,सुन्दर नेता(छतनौरा), विमल,सागर हूण एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# एक्सप्रेस-वे पर ट्रक में पीछे से घुसी प्राइवेट बस, 2 सवारियां गंभीर, कई को आई मामूली चोट

संवाददाता, कन्नौज। सौरिख थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर रात के समय एक प्राइवेट बस आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस कारण सवारियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। गंभीर रूप से घायल 2 सवारियों को अस्पताल भेज दिया गया, जबकि अन्य चुटहिल सवारियों को ट्रीटमेंट देने के बाद दूसरी बस से रवाना कर दिया गया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कृष्णा ट्रैवल्स की बस सवारियां लेकर दिल्ली से बिहार के लिए रवाना हुई थी। रात करीब 11 बजे ओवरस्पीड के चलते किलोमीटर संख्या 143 पर आगे चल रही ट्रक में बस टकरा गई, जिससे सवारियों के बीच चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर लाल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने गंभीर रूप से घायल गोरखपुर जिले के मीरपुर निवासी प्रिंस पांडेय और कुशीनगर जिला निवासी लक्ष्मण को एम्बुलेंस की मदद से तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जबकि मामूली चुटहिल सवारियों को मौके पर ही ट्रीटमेंट देकर दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। कृष्णा ट्रैवल्स की बस को जम्मू कश्मीर के कुंज जिला स्थित शिर्डी ख्वाजा गांव निवासी शब्बीर अहमद चला रहा था। हादसे के वक्त बस में 35 सवारियां मौजूद थीं। मामले को लेकर एक्सप्रेस-वे के सुरक्षा अधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि बस में मौजूद सवारियों को दो अलग-अलग बसों से आगे के लिए रवाना कर दिया गया। क्षतिग्रस्त बस को टोल प्लाजा पर खड़ा करवा दिया गया।

# सदर विधायक ने युवक पर दर्ज कराई रिपोर्ट,जान से मारने की धमकी देने का आरोप

संवाददाता, उन्नाव। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि युवक उन्हें विरोधियों से मिलकर बदनाम कर रहा है। सदर विधायक एसपी के पास पहुंचे और तहरीर दी। जिसमें लिखा कि पीडी नगर का मन्नू अवस्थी खुद को मीडिया से जुड़ा बताता है। वह विरोधियों से मिलकर सोशल मीडिया पर उनकी छवि धूमिल कर रहा है। उन्होंने एसपी से मांग की है कि कार्रवाई की जाए। देर रात मन्नू खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मन्नू पहुंच गया और शिकायत की। विधायक पंकज गुप्ता के समर्थक उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। इस पर अखिलेश यादव ने उससे साक्ष्य मांगा। वहीं शुक्लागंज की एक महिला ने युवक पर आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की थी, जिसकी जांच हो रही है। मन्नू ने भी पुलिस में तहरीर देकर अंशु गुप्ता, दीपक सिंह, फहद व गोलू सिंह के खिलाफ धारा 506 में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप लगाया कि चारों से जान का खतरा है। वह लगातार धमकी दे रहे हैं।

# बुखार के मरीजों की बढ़ी संख्या,इमरजेंसी वार्ड में बढ़ाये गए बेड

संवाददाता, उन्नाव। जिले में बुखार के साथ मरीजों में सांस फूलने की शिकायत भी बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। फिजीशियन डा. कौशलेंद्र की ओपीडी में बुखार के दो सौ से अधिक मरीज पहुंचे, जबकि इमरजेंसी वार्ड में बुखार के मरीज भर्ती किए गए। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइन लग रही। ओपीडी के लिए पंद्रह सौ मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें सबसे अधिक मौसमी बीमारी के मरीजों की संख्या रही। बाल रोग विशेषज्ञ और फिजीशियन कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन दोपहर बाद तक लगी रही। फिजीशियन डा. कौशलेंद्र ने बताया कि ओपीडी में पहुंच रहे अधिकतर मरीजों में यही लक्षण मिल रहे हैं। मरीजों को बुखार और खांसी की शिकायत है।

CMYK

# भारत रूस की दोस्ती का बदला ले रहा ब्रिटेन, बोरिस जॉनसन ने डाली थी जिसकी नींव



एजेंसी, खालिस्तानी गुंडों का वीडियो लंदन में सामने आया है। अमृतपाल के खिलाफपंजाब पुलिस के एक्शन के बाद भारत के भगोड़े खालिस्तानी और उसके समर्थक सड़कों पर सवेरा गुंडागर्दी करते नजर आ रहे हैं। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भारतीय हाई कमीशन दफ्तर में तोड़फोड़ करना तिरंगे का अपमान करना। हालांकि, यह कोई पहला मौका नहीं है। पहले पाकिस्तानी और फिर खालिस्तानी ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग और भारतीयों को निशाना बना रहे हैं। वहीं ब्रिटेन पुलिस केवल खानापूर्ति करती नजर आ रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि मानव खाली स्थान योग के लिए ब्रिटेन से ज्यादा मुफीद जगह कोई नहीं हो सकती है। ब्रिटेन के इस रुख के बाद भारत ने भी भारत में ब्रिटिश राजनयिकों के घर के बाहर तैनात सुरक्षा दस्ते को कम कर दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि भारत को दोस्त बताने वाला ब्रिटेन उसके दुश्मनों को क्यों पनाह दे रहा है? एक रिपोर्ट के अनुसार खालिस्तान पर ब्रिटेन के रुख की नींव बोरिस जॉनसन ने डाली थी। इसकी वजह यूक्रेन पर हमला करने के बाद भी रूस से भारत की दोस्ती का बरकरार रहना है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन के युद्ध में भारत का साथ नहीं देने पर खालिस्तानियों को शह देना शुरू कर दिया था। दरअसल, यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भारत ने इस युद्ध के शांतिपूर्ण हल की मांग की थी। करीब साढे 4 साल तक खालिस्तानी जगतार सिंह पर चुप्पी साधे रहने के बाद बोरिस जॉनसन की सरकार ने देश के विपक्ष के नेता केएन स्टलमेट को पत्र लिखते हुए माना कि खालिस्तानी जेहल को जानबूझकर भारतीय जेल में रखा गया है। उसके खिलाफऔपचारिक आरोप भी नहीं लगाया गया है। जेहल को नवंबर 2017 में भारतीय पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# जीएसटी में कॉरपोरेट टैक्स का हिस्सा बढ़ा




एजेंसी, नयी दिल्ली। भारत का कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन दो सालों में पहली बार देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीएसटी के तीन फीसदी को पार कर गया है। वित्त वर्ष में, कॉरपोरेट टैक्स और जीडीपी रेश्यो भारतीय कॉरपोरेट के मुनाफे में कुल मिलाकर सुधार को दिखाता है। नेट कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 7.12 लाख करोड़ रुपए पर रहा है, जो जीडीपी के रेश्यो के आंकड़े में 3.01 फ ीसदी है। मौजूदा बाजार की कीमत पर, कलेक्शन 236.64 लाख करोड़ रुपए पर मौजूद है। हालांकि, कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन तीन फीसदी के ज्यादा पर वापस आ गया है लेकिन यह पांच साल के सबसे ज्यादा स्तर के पार नहीं गया है। 2018-19 में यह जीडीपी का 3.51 फ ीसदी रहा था। उस समय नेट कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 6.63 लाख करोड़ रहा था। 2019-20 के दौरान कॉरपोरेट टैक्स की दर में तेज गिरावट आई थी और रेश्यो जीडीपी के 2.77 फ ीसदी पर आ गया था। यह 28 सालों में सबसे बड़ी गिरावट थी। सरकार ने नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के लिए कॉरपोरेट टैक्स की दर में 10 फ ीसदी अंकों की कटौती की थी क्योंकि वे निवेश को बढ़ाना चाहती थी। इस साल अप्रैल से जुलाई के बीच कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन में पिछले साल के मुकाबले 34 फ ीसदी की बढ़त देखने को मिली थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2020-21 के मुकाबले इसमें 58 फ ीसदी की बढ़त दर्ज हुई थी। आयकर विभाग के मुताबिक, टैक्स के नियमों को सरल करने, प्रक्रिया को आसान बनाने और न्यूनतम दरों के साथ छूट न देने की वजह से कलेक्शन में उछाल देखने को मिला था। अप्रैल से जुलाई के बीच कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन 7.23 लाख करोड़ रुपए रहा था। आयकर विभाग के मुताबिक, 50 करोड़ से ज्यादा की आय वाली 60 प्रतिशत कंपनियों ने टैक्स के नए नियमों का चुनाव किया है। इन कंपनियों का कुल टैक्स कलेक्शन में 78 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। केंद्र सरकार ने घरेलू कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट टैक्स की दरों को घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया है। वही नई कंपनियों के लिए ये दर 15 प्रतिशत है। विभाग के मुताबिक कोरोना के समय को छोड़ दें तो टैक्स कलेक्शन में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। जीएसटी का आंकड़ा आ गया है और इसमें लगातार दसवें महीने 1.4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी राजस्व हासिल किया गया है। बीते साल दिसंबर के महीने में 1,49,507 करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड किया गया है। इस तरह देखा जाए तो सरकार को जीएसटी कलेक्शन से शानदार कमाई हो रही है और इस मामले में सरकार के पास जोरदार रेवेन्यू आ रहा है। दिसंबर 2022 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 1,49,507 करोड़ रुपए का रहा है और इसमें सीजीएसटी का हिस्सा 26,711 करोड़ रुपए का रहा है। एसजीएसटी का हिस्सा 33,357 करोड़ रुपए और आईजीएसटी का कलेक्शन 78,434 करोड़ रुपए पर रहा है। इस आईजीएसटी में गुड्स के इंपोर्ट से आई रकम (40,263) भी शामिल है। इसके अलावा सेस का हिस्सा 11,005 करोड़ रुपए का रहा है और इसमें 850 करोड़ रुपए की रकम गुड्स के इंपोर्ट से हासिल हुई है। सरकार ने नियमित सैटलमेंट के रूप में 36,669 करोड़ रुपए सीजीएसटी का हिस्सा और एसजीएसटी के रूप में 31,094 करोड़ रुपए का सैटलमेंट किया है। दिसंबर 2022 में राज्यों और केंद्र के पास रेगुलर सेटलमेंट के बाद सीजीएसटी के रूप में 63,380 करोड़ रुपए और एसजीएसटी के रूप में 64,451 करोड़ रुपए का राजस्व आया है। दिसंबर 2022 में जो सरकार के पास जो रेवेन्यू आया है इससे पिछले साल यानी दिसंबर 2021 के मुकाबले 15 फीसदी ज्यादा आया है। दिसंबर 2022 के दौरान गुड्स के इंपोर्ट से मिला राजस्व सालाना आधार पर 8 फ ीसदी ज्यादा है और घरेलू ट्रांजेक्शन (जिसमें सर्विसेज का इंपोर्ट भी शामिल है) 18 फीसदी ज्यादा रहा है।

# मेड इन इंडिया ब्रांड को मिलेगा बढ़ावा






एजेंसी, नयी दिल्ली। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) एक नई औद्योगिक नीति पर काम कर रहा है, जिसमें उद्योग के लिए वित्त पोषण स्रोतों को बढ़ाने और मेड इन इंडिया ब्रांड के लिए एक नयी योजना का प्रस्ताव है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। नीति में उद्योग तक वित्त की व्यापक पहुंच के लिए विभिन्न तरीकों का सुझाव दिया जाएगा। इसमें प्रतिस्पर्धी दरों पर वित्त मुहैया कराने के लिए एक विकास वित्त संस्थान की स्थापना करना और इस तरह के वित्त पोषण के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के कुछ हिस्से के इस्तेमाल पर भी विचार किया जा रहा है। औद्योगिक नीति 2022 पर बयान - दुनिया के लिए मेक इन इंडिया का मसौदा विभिन्न मंत्रालयों के पास उनके सुझावों के लिए भेजा गया है। सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित नीति का उद्देश्य देश में एक अभिनव और प्रतिस्पर्धी औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना और कुछ नीतिगत उपायों के जरिए उद्योग के मुद्दों और चुनौतियों का समाधान करना है। इस मकसद को हासिल करने के लिए जिन क्षेत्रों की पहचान की गई है, उनमें प्रतिस्पर्धा और क्षमता पर ध्यान देना, आर्थिक एकीकरण और वैश्विक मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाना, भारत को एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन और वैश्विक मानकों को हासिल करना शामिल है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा की यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ी

एजेंसी, नयी दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की घरेलू बाजार में यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री 61 प्रतिशत बढ़कर 28,445 इकाई हो गयी। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने दिसंबर, 2021 में 17,722 वाहन बेचे थे। दिसंबर में कंपनी के यूटिलिटी (उपयोगिता) वाहनों की बिक्री 62 प्रतिशत बढ़कर 28,333 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 17,469 इकाई रही थी। एमएंडएम के अध्यक्ष (वाहन खंड) विजय नाकरा ने कहा, ''हमारे ग्राहकों की निरंतर रुचि ने पिछले महीने हमारे पोर्टफोलियो में मजबूत मांग को बढ़ावा दिया है।''उन्होंने परिदृश्य पर कहा, ''अंतरराष्ट्रीय व्यवधानों और कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के चलते हमारी आपूर्ति श्रृंखला पर नजर है।'' एमएंडएम ने कहा कि कृषि उपकरण खंड में उसकी कुल ट्रैक्टर बिक्री पिछले महीने 27 प्रतिशत बढ़कर 23,243 इकाई हो गई।

# चीन से जंग की सूरत में तय है हार


## क्या कहता हैं अमेरिकी हथियारों का भंडार, वॉल स्ट्रीट जनरल की चौंकाने वाली रिपोर्ट



एजेंसी, दुनिया जानती है कि चीन से बड़ा चालबाज कोई नहीं है। विस्तारवादी सोच वाला ड्रैगन मौका देख कर रंग बदलने में माहिर है। यूक्रेन रूस के विध्वंसक युद्ध के बीच चीन की नजर ताइवान पर है। अक्सर ताइवान पर तनाव बढ़ता रहता है और ताइवान के साथ अमेरिका खड़ा रहता है। वो दिन दूर नहीं नजर आ रहा है जब ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन में तनाव बढ़ने की स्थिति में हिंद प्रशांत क्षेत्र मैदानी जंग में बदल सकता है। लेकिन चीन से जारी तनातनी के बीच अमेरिकी व्यापार स्टॉक को लेकर एक अमेरिकी रिपोर्ट ने राष्ट्रपति जो बाइडेन की नींद उड़ा दी है। वॉल स्ट्रीट जनरल की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच युद्ध हुआ तो एक ही दिन में अमेरिका के पास हथियारों की कमी पड़ जाएगी। चीन से मुकाबला हुआ तो अमेरिका तुरंत हथियार डालने पर मजबूर हो सकता है। अमेरिकी वेपन स्टॉक ने बाइडेन की चिंता बढ़ा दी है। वॉल स्ट्रीट जनरल ने स्टॉक को लेकर ताजा रिपोर्ट जारी की है। चीन से जंग हुई तो अमेरिका के पास हथियार कम पड़ जाएंगे। हथियारों की कमी के चलते ही 1 दिन में ही अमेरिका बैकफुट पर आ जाएगा और हथियार डालने पर मजबूर हो सकता है। अमेरिका के पास लॉन्ग रेंज एंटी शिप मिसाइल कम पड़ जाएंगे। दरअसल, अमेरिका की तरफ से यह यूक्रेन को भारी मात्रा में हथियारों की सप्लाई और प्रोडक्शन तेज नहीं होने के चलते वेपन स्टॉक में भारी कमी आई है। वहीं इसके मुकाबले चीन की विस्फोटक और पप्रेट बनाने की क्षमता काफी ज्यादा हो गई है। चीन ने अब आरडीएक्स या एचएमएक्स से 40 फीसदी ज्यादा घातक विस्फोटक बना लिया है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार चीन ने बहुत ही मात्रा में सीएन20 विस्फोटक का निर्माण कर लिया है। चीन ने साल 2011 में सीएल-20 के समकक्ष का परीक्षण किया था। इसके बाद से लेकर अब तक चीन ने बहुत बड़े पैमाने पर इस विस्फोटक का निर्माण किया है।

# मुकेश अंबानी, गौतम अडानी और क्रिकेट का खेल

## फ्री में मैच दिखाकर कैसे एशिया के सबसे अमीर शख्स करेंगे करोड़ों की कमाई



एजेंसी, अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग ने गौतम अडानी को ऐसा झटका दिया कि उनकी आधी दौलत उड़ गई। गौतम अडानी अपनी नंबर 2 की कुर्सी गंवाकर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। हिंडनबर्ग की सुनामी के कारण अडानी गिरते चले गए। वहीं रिलायंस इंडस्ट्री के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। मुकेश अंबानी फिर से भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। वो अकेले भारतीय हैं, जो दुनिया के 10 सबसे अमीरों में शामिल है। एशिया के सबसे अमीर बिजनेस टाइकून मुकेश अंबानी ने जब जियो की शुरुआत की और फ्री डेटा, फ्री कॉलिंग के ऑफर के जरिए भारतीय टेलीकॉम में एक नई क्रांति की शुरुआत की। फ्री ऑफर के जरिए रिलायंस जियो देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी बन गई। जब लोगों को इसकी आदत बन गई तो कंपनी ने रिचार्ज प्लान लॉन्च किए। जियो हमेशा से अपने फ्री ऑफर को लेकर जानी जाती है। वॉयस कॉल फ्री और डेटा को सस्ता बनाकर अब वह क्रिकेट के दीवानों से शुल्क नहीं लेकर मनोरंजन के लिए वही आक्रामकता लेकर आये हैं। अब जियो मैच लवर्स के लिए बेहतरीन ऑफर ला रहा है। भले ही अंबानी ने इस अधिकार को हासिल करने के लिए एक मोटी रकम का भुगतान किया हो। पिछले जून में अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और पैरामाउंट ग्लोबल के बीच एक संयुक्त उद्यम वायकॉम18 मीडिया प्राइवेट ने इंडियन प्रीमियर लीग मैचों के लिए एक विशेष पांच साल की लाइव-स्ट्रीमिंग डील जीतने के लिए 2.7 बिलियन डॉलर खर्च किए। वायकॉम 18 ने वॉल्ट डिजनी एंड कंपनी को पीछे छोड़ दिया। डिजनी के हॉटस्टार ऐप ने उन 50 मिलियन भारतीय ग्राहकों में से प्रत्येक से 76 सेंट प्रति माह निकाले, जिन्होंने मुख्य रूप से क्रिकेट के दीवाने देश में आईपीएल देखने के लिए साइन अप किया था। अगर ये आंकड़े सही हैं तो अंबानी ने इसे पूरी तरह से गंवाने का बड़ा फैसला किया, कम से कम इस साल के टूर्नामेंट के लिए जो 31 मार्च से शुरू हो रहा है। जिसके पीछे उनकी कोई बड़ी स्ट्रेटजी हो सकती है। कंपनी एड के जरिए करोड़ों रुपये कमाने की योजना पर काम कर रही है। इतना ही नहीं इससे जियो को भी फायदा होगा। मैच देखने के लिए डेटा का खपत बढ़ेगा। आईपीएल मैचों के स्ट्रीमिंग के लिए ज्यादा इंटरनेट की जरूरत होगी। जिसका फायदा रिलायंस जियो को मिलेगा। वैश्विक निवेशकों को प्रतिद्वंद्वी गौतम अडानी के ऋण-ईंधन वाले शेयरों में .140 बिलियन से अधिक की मंदी मिलने के बाद ध्यान आकर्षित करने वाली पहल के लिए समय बिल्कुल सही है। अंबानी का लगभग सात साल पुराना मोबाइल-इंटरनेट स्टार्टअप जियो प्लेटफार्म लिमिटेड संभवतः एक प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश लेकर आया है। अडानी के पास भी एक उपभोक्ता सुपर-ऐप के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है, हालांकि अब उनकी प्राथमिकता अपने विशाल बुनियादी ढांचे के साम्राज्य को स्थिर करना होना चाहिए। अडानी के शेयरों और बिजनेस में उथल-पुथल होने से, अंबानी के बढ़ते डिजिटल डोमेन को एक उड़ान मिल सकता है। अंबानी और अडानी दो अरबपतियों ने अलग-अलग प्लेबुक को अपनाया है। अडानी सार्वजनिक उपयोगिताओं में आगे बढ़े, अंबानी ने लोगों की निजी जरूरतों की ओर ध्यान केंद्रित किया। अडानी की समस्या यह है कि जब भारतीय बेहतर सड़कों, हवाई अड्डों और अधिक विश्वसनीय बिजली के लिए तरसते हैं, तो अधिकांश उपयोगकर्ताओं के पास नई संपत्ति बनाने के लिए आवश्यक महंगी पूंजी का भुगतान करने की क्षमता या इच्छा की कमी होती है। अंबानी के मामले में भी, अंतर्निहित कमजोरी, जिसने रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल्स समूह को उपभोक्ता धुरी लेने के लिए मजबूर किया है, लाभप्रदता है। रिलायंस का विरासत कारोबार नकदी देता है, लेकिन इसमें एकमुश्त निवेश होता है जो इक्विटी पर उच्च प्रतिफल उत्पन्न नहीं करता है। अंबानी की उपभोक्ता रणनीति कैरेज, कंटेंट और कॉमर्स का कॉकटेल है। तीनों में से ढुलाई की योजना सुरक्षित है, जिसमें जियो प्लेटफॉर्म के 430 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं और खुदरा व्यापार, देश का सबसे बड़ा, पिछले छह महीनों में आधा बिलियन से अधिक लेनदेन रिकॉर्ड कर रहा है।

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल में गिरावट



एजेंसी, आयातित सूरजमुखी और सोयाबीन तेल की भरमार होने के बीच बुधवार को एक बार फिर तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट बनी रही। देशी तेल-तिलहनों के खपने की बढ़ती चिंताओं के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में गिरावट आई जबकि सामान्य कारोबार के बीच सोयाबीन तिलहन, मूंगफली तेल-तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने आरोप लगाया कि देश के कुछ प्रमुख तेल संगठनों का मौजूदा तेल कारोबार के प्रति जो रुख या रवैया है वह चिंताजनक है। कम से कम उन्हें तेल बाजार में सस्ते आयातित सॉफ्ट ऑयल की भरमार होने तथा इसके आगे देशी तेल-तिलहनों के नहीं खपने की स्थिति पर सही जानकारियां सरकार को देनी चाहिये। सूत्रों ने कहा कि लगभग डेढ़ साल पहले जब सूरजमुखी तेल का भाव 1,400 डॉलर प्रति टन हुआ करता था और उसपर 38.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लागू था लेकिन मौजूदा समय में सूरजमुखी तेल का भाव जब 1,025 से 1,030 डॉलर प्रति टन रह गया है तो आयात शुल्क शून्य (कोटा प्रणाली के तहत) है। यह कैसी बिडंबना है ? हमारे देशी तेल की लागत 120-125 रुपये लीटर पड़ेगी तो यह 87 रुपये लीटर वाले सूरजमुखी के आगे कैसे खपेगा कम से कम देश के प्रमुख तेल संगठनों को इस स्थिति के दुष्परिणामों के बारे में सरकार को आगाह कर जल्द से जल्द तत्काल प्रभाव से ऐसे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क अधिक से अधिक करने को कहना चाहिये। अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने का ख्याल छोड़ देना ही बेहतर होगा। तिलहन किसान और देश का तेल उद्योग किस गंभीर दौर से गुजर रहा है, उसके बारे में चुप्पी चिंताजनक है। सूत्रों ने कहा कि एक और विरोधाभास यह दिखता है कि आयातित खाद्य तेलों के भाव जमीन पर हैं लेकिन बाजार में इन्हीं तेलों को उपभोक्ता लगभग दोगुने दाम पर खरीदने को बाध्य हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि सरकार यदि इन आयातित तेलों पर आयात शुल्क लगा दे तो देश को पशुचारे के लिए खल भी मिलेगा और देशी तेल-तिलहन भी बाजार में खप जायेंगे जिससे देश की तेल मिलें चलेगी और किसान भी बर्बाद होने से बच जायेंगे। सूत्रों ने कहा कि यह सारा विरोधाभास उस देश में हो रहा है जो अपनी जरूरतों के लिए लगभग 60 प्रतिशत के बराबर आयात पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि वायदा कारोबार में आज एक बार फिर बिनौला खल के अप्रैल अनुबंध के भाव में 1.22 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। बाजार में बिनौला की आवक भी पहले के डेढ़ लाख गांठ से घटकर लगभग 78,000 गांठ रह गई। सूत्रों ने कहा कि स्थिति एक बार हाथ से निकल जाये तो उसे संभालना बहुत मुश्किल होगा। इसका सीधा उदाहरण सूरजमुखी से दिया जा सकता है। सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) काफी बढ़ा दिया मगर इसका उत्पादन नहीं बढ़ पा रहा है। मौजूदा हाल बना रहा तो आगे बाकी तेल-तिलहनों के मामले में भी समान स्थिति देखने को मिल सकती है। बुधवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेरू सरसों तिलहन - 5,240-5,290 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 6,780-6,840 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,600 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,540-2,805 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,800 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,695-1,765 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,695-1,815 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 11,200 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 11,050 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 9,550 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 8,600 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 9,450 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 10,200 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स-कांडला- 9,20 0 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,225-5,375 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,985-5,035 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)- 4,010 रुपये प्रति क्विंटल।

# आकाश एयर मार्च, 2024 तक 1,000 लोगों को नियुक्त करेगी : विनय दुबे




एजेंसी, विमानन कंपनी आकाश एयर मार्च, 2024 तक लगभग 1,000 और कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी। इसके साथ उसके कुल कर्मचारियों की संख्या 3,000 के पार हो जाएगी। कंपनी के प्रमुख विनय दुबे ने यह भी बताया कि कंपनी अपने बेड़े और उड़ान मार्ग में लगातार विस्तार कर रही है। लगभग सात महीने पहले उड़ान सेवा शुरू करने वाली आकाश एयर इस साल के अंत तक अंतरराष्ट्रीय उड़ान भी शुरू करने की योजना बना रही है। संभावित विदेशी गंतव्यों से इस संबंध में वार्ता चल रही है। आकाश एयर के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दुबे ने पीटीआई-के साथ बातचीत में कहा कि कंपनी इस साल के अंत तक 100 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर देगी। आकाश एयर ने 72 बोइंग 737 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया था, जिनमें से 19 उसके बेड़े में शामिल हो चुके हैं। 20वां विमान अप्रैल में शामिल होगा, जिसके बाद कंपनी विदेश में उड़ान सेवाएं देने योग्य हो जाएगी। अगले वित्त वर्ष में कंपनी की योजना बेड़े में नौ और विमान जोड़ने की है, जिससे विमानों की कुल संख्या 28 हो जाएगी। कंपनी इस समय प्रतिदिन 110 उड़ानें संचालित करती है। दुबे ने कहा, आज हमारे पास 2,000 से ज्यादा कर्मी हैं और अगले वित्त वर्ष के खत्म होने से पहले कंपनी में 3,000 से ज्यादा कर्मी होंगे...जिनमें से लगभग 1,100 पायलट और चालक दल के सदस्य होंगे। सौ या उससे ज्यादा विमानों के ऑर्डर की संभावनाओं पर उन्होंने कहा, हम पहले से ही एक दिन में 110 उड़ानें संचालित कर रहे हैं और गर्मी के मौसम के अंत तक 150 उड़ानें प्रतिदिन संचालित करने लगेंगे। उन्होंने कहा, ''हम तीन अंकों (100 या उससे अधिक) में विमानों का ऑर्डर इस साल के अंत तक करेंगे।''

CMYK

## बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन पहुंचे शालीमार गेट वे मॉल



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन शालीमार गेट वे मॉल के लॉन्च  व मॉल में ही शीघ्र ही आरंभ होने वाले 6 स्क्रीन के मल्टीप्लेक्स मूवी मैक्स की घोषणा के अवसर पर लखनऊ में थे। इस अवसर पर शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर श्री कुणाल सेठ, डायरेक्टर श्री जाहिद मसूद आदि मौजूद थे। शालीमार कॉर्प के निदेशक श्री कुणाल सेठ ने जानकारी देते हुए कहा कि आलमबाग बस स्टैंड और मेट्रो स्टेशन से सीधा जुड़ा हुआ शालीमार गेटवे शहर के बीचों बीच स्थित है। ये प्रदेश का पहला ऐसा मॉल है जिसमें मेट्रो से उतर कर सीधे मॉल में प्रवेश किया जा सकता है। ये पीपीपी माडल पर बना प्रदेश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें बस अड्डा, मॉल, होटल और मल्टीप्लेक्स की सुविधा है। यहां एयरपोर्ट से ड्राइविंग कर केवल 20 मिनट में पहुंचा जा सकता है और हजरतगंज से मेट्रो की सवारी करके भी मॉल तक सुगमता से पहुंचा जा सकता है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि जल्द शुरू होने वाले 6-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स मूवी मैक्स में करीब 1219 दर्शकों के बैठने की क्षमता है और ये मूवी-प्रेमी दर्शकों को सिनेमा देखने का एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। इसके अलावा, मॉल के विशाल परिसर में 100 से अधिक कमरों वाला एक शानदार होटल भी शीघ्र ही आरंभ होने वाला है, जो बाहर से आने वाले आगंतुकों और पर्यटकों को जरूरी व आरामदेह सुविधाओं के साथ ठहरने की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। शालीमार गेटवे मॉल के 6 लाख से अधिक वर्ग फुट के स्पेस में अलग अलग सेगमेंट के फैशन और लाइफस्टाइल ब्रांड मौजूद हैं। मॉल के हर हिस्से को इस बारीकी के साथ डिजाइन कर सुनिश्चित किया गया है कि यहां आने वाले हर शॉपर को खरीदारी के साथ-साथ और भी आनंददायक अनुभव प्राप्त हों। मॉल में देश के प्रतिष्ठित रिटेल ब्रांड्स लाइफस्टाइल, वेस्टसाइड, ट्रेंड्ज, सैमसंग, मैक्स, इंडियन टेरेन, बीबा, शुगर, लेंसकार्ट, मदर केयर, स्मार्ट बाजार, सफारी आदि के आउटलेट्स स्थित हैं। मॉल हमेशा व्यस्त रहने वाले आलमबाग जैसे क्षेत्र में आरामदेह पार्किंग के लिए जरूरी सुविधा भी प्रदान कर रहा है। शालीमार गेटवे परिसर में खरीदारी और आराम के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मॉल में ड्यूल-लेवल पार्किंग सुविधा का निर्माण किया गया है, जिसे 800 से अधिक व्हीकल्स की पार्किंग करने के लिए बनाया गया है।

››› बॉलीवुड ‹‹‹

# परिणीति चोपड़ा संग डेटिंग की खबरों पर राघव चड्ढा ने तोड़ी चुप्पी, फिर एक बार साथ नजर आये रुमर लवबर्ड्स

बॉलीवुड से सियासत का एक मेल हाल ही के दिनों में देखा गया, जब हाल ही में आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा और बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा को एक साथ कई मौकों पर स्पॉट किया गया। जाहिर है कि इस मेल-जोल पर सवाल तो उठने ही है। अब जब सवाल उठे तो सोशल एक्टिविस्ट राघव चड्ढा ने इस पर अपनी कुछ सफाई भी दी है। राघव चड्ढा ने एबीपी न्यूज से मुखाबित होते हुए कहा कि इस बारे में परिणीति के नहीं बल्कि उनसे सवाल किया जाए। दो दिन पहले मुंबई में बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा को आम आदमी पार्टी के चर्चित नेता और पंजाब से राज्य सभा सांसद राघव चड्ढा संग स्पॉट किया गया था जिस दौरान दोनों के इस मेलजोल को लेट नाईट डेट का नाम दे दिया गया।  दोनों को इस कदर कैमरे में स्पॉट होने के बाद से ही लोग लगातार कयास लगाने लगे की शायद फिर एक बार सियासत और बॉलीवुड का मेल देखने को मिलने वाला हैं। दोनों को एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया है। जहां दोनों एक साथ कूल लुक में नजर आए। दोनों को ही बीती शाम व्हाइट शर्ट में देखा गया है। इनके फैंस तो ये फोटो देखने के बाद ये भी पूछने लगे हैं कि कहीं ये दोनों एक दूसरे को डेट तो नहीं कर रहे। हालांकि, इस पर कुछ भी कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी क्युकी इन दोनों ने ही इन रूमर्स पर अबतक अपनी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं जताई हैं। मौजूदा साल के जनवरी महीने में परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा भारत यूके आउटस्टैंडिंग अचीवर ऑनर्स के सम्मान से एक साथ नवाजा गया था। भारत में पहली बार किसी को यह सम्मान मिला था। इस ऑनर का नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनी यूनियन (एनआईएसएयू) ने भारत में ब्रिटिश काउंसिल और यूके के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभाग (डीआईटी) के साथ मिलकर इसका अयोजन द्वारा किया गया था। बता दे कि यह सेरेमनी ब्रिटिश यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों को ध्यान में रखते हुए की गई थी। लेकिन सबसे खास बात है कि यहां भारतीय छात्रों की उपलब्धियों को देखते हुए सेलिब्रेट किया गया था। बता दें कि, आज से पूरे 15 साल पहले परिणीति चोपड़ा ब्रिटेन के मैनचेस्टर स्कूल की एक बेहद ही होनहार छात्रा रह चुकी हैं। वहीं राघव चड्ढा की तालीम की बात करें तो वह लंदन स्कूल ऑफ इकॉनिमिक्स से पढ़ाई कर चुके हैं। परिणीति और राघव दोनों ही पढ़ाई में एक बेहद ही होशियार छात्र रहे हैं और अपनी क्लास के टॉपर भी। ऐसा भी हो सकता है कि दोनों की आपस में बनती हो। रिलेशनशिप स्टेटस की बात करें तो परिणीति सिंगल हैं और वही सोशल वर्कर राघव ने भी अबतक 34 साल की उम्र में भी शादी नहीं रचाई हैं।








# भीड़' में कोरोनाकाल के खौफ नाक मंजर को पर्दे पर देख खड़े हुए ऑडियंस के रोंगटे, लोग बोले-दिल को छू गई फिल्म






अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म भीड़ फाइनली सिनेमाघरों में अपनी दस्तक दे चुकी हैं, और कहने की जरूरत नहीं है कि इसने ऑडियंस के दिलों को किस कदर छू लिया है। यह भले ही अभी सिर्फ एक कहानी की तरह लगता है लेकिन तीन साल पहले यह रियलिटी थी जिससे पूरे देश और दुनिया बड़े लेवल पर जूझ रही थी और हाल ही में बाईट दिन इसे आये हुए 3 साल भी पूरे हुए। 'भीड' में उसी कोविड-19 के दौरान की भयावहता को पर्दे पर उतारा गया हैं। लॉकडाउन के दौरान जिस मुश्किल से लोगों को असल जिंदगी में जूझना पड़ा था उसे पर्दे पर एक बार फिर देखकर लोगों की रूह कांप उठी है। तो चलिए जानते हैं सोशल मीडिया पर फिल्म भीड़ को लेकर आखिर लोगों का क्या रिएक्शन सामने आया है...... सोशल मीडिया पर भीड़ की तारीफ में लोगो के भाव खूब बखूबी जहीर होते दिख रहे हैं जिसमे कुछ ट्वीट करते हुए एक यूजर ने लिखा,  दिल को छूती ,कटाक्ष करती एक मार्मिक फिल्म है भीड़ वहीं एक और यूजर ने लिखा, लॉकडाउन के दौरान देश ने बहुत कुछ झेला. बहुत कुछ देखा, एक फिल्मकार के नजरिए से उस दौर में पलायन कर रहे लाखों मजदूरों की तकलीफों को अनुभव सिन्हा ने बेहद असरदार तरीके से फिल्माया है. राजकुमार राव और आशुतोष राणा जैसे कलाकारों ने भीड़ को एक डॉक्यूमेंट बना दिया है, देखिए जरूर..लॉकडाउन के दौरान देश ने बहुत कुछ झेला। बहुत कुछ देखा, एक फिल्मकार के नजरिए से उस दौर में पलायन कर रहे लाखों मजदूरों की तकलीफों को बेहद असरदार तरीके से फिल्माया है। राष्ट्र द्वारा सामना किए गए सबसे बुरे समय में, एक व्यक्ति ने कुछ अलग करने का साहस किया. दुनिया उस अदृश्य कहानी को देखेगी जो हमेशा प्लेन साइट में छिपी थी. भीड़ आज से सिनेमाघरों में जरूर देखें,एक और यूजर ने लिखा, अनुभव सिन्हा की भीड़ भारत द्वारा सामना किए गए लॉकडाउन के दौरान सामने आई सबसे बड़ी मानवीय त्रासदियों में से एक का पावरफुल और झकझोर देने वाला रिप्रेजेंटेशन है. वह शानदार ढंग से कास्ट एंगल को सामने लाते हैं. राजकुमार राव ने एक बार फिर शानदार परफॉरमेंस दी है.बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर, आशुतोष राणा, पंकज कपूर, दीया मिर्जा, कृतिका कामरा और कई कलाकारों से भरी फिल्म  भीड़ सिन्हा द्वारा 2020 में देश के सामने आने वाले भारी संकट को उजागर करने की एक और सराहनीय कोशिश है। कोविड काल में सरकार द्वारा लगाया गया लॉकडाउन, शहरों से उस दौरान लोगों का होने वाला पलायन, लोगों के सामने आने वाली चुनौतियां, 'भीड' महामारी की दिल को झकझोर देने वाली रियलिटी को पर्द पर बखूबी दिखाती है। कोरोनोवायरस महामारी की शुरुआत के साथ आई लाचारी को भीड़ के तमाम कलाकारों ने अपने बेहद ही दमदार एक्टिंग से फिर से प्रदर्शित किया है। इसी वजह से फिल्म की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है।

››› बॉलीवुड ‹‹‹


# अन्नया पांडेय के साथ कब शादी के बंधन में बंधेंगे आदित्य रॉय कपूर

बॉलीवुड में कब किसकी जोड़ी बन जाए कोई नहीं जानता हैं। ऐसे में इन दिनों इंडस्ट्री में एक और कपल बनता हुआ दिखाई दे रहा हैं। जिनकी चर्चाएं काफी तेज हो गयी हैं। दरअसल ये जोड़ी कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड के हैंडसम हंक आदित्य रॉय कपूर और इंडस्ट्री की सबसे चर्चित एक्ट्रेस अन्नया पांडेय हैं। जिनकी डेटिंग की रुमर इन दिनों बी-टाउन की गलियारों में खूब शोर मचा रहा हैं। ऐसे में अब इन्ही अफवाहों पर आदित्य रॉय कपूर कुछ नए खुलासे करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दरअसल दोनों ही स्टार्स को अकसर एकसाथ स्पॉट किया जाता हैं। चाहे वो बी-टाउन की पार्टीज हो या फिर किसी सेलेब्स का कोई फंक्शन। दोनों ही स्टार्स को एक साथ देखा जाता हैं। हालांकि इन अफवाहों पर आज तक दोनों में से किसी का भी कोई रिएक्शन सामें नहीं आया हैं। ऐसे में अनन्या को डेट करने के रूमर्स के बीच आदित्य से पूछा गया था कि वे कब शादी कर रहे हैं? इस सवाल के जवाब में 'आशिकी 2' एक्टर ने कहा, मुझे लगता है कि हर कोई शादी कर रहा है लेकिन मुझे कोई नहीं मिल रहा है। इसलिए मैं अपना टाइम लूंगा और जब सही समय आएगा तब ही शादी करूंगा. बता दे की आदित्य रॉय कपूर इन दिनों अपनी सीरीज 'द नाइट मैनेजर' की सक्सेस एंजॉय कर रहे हैं। इस बीच एक्टर को उनकी अपनी अपकमिंग फिल्म 'गुमराह' का ट्रेलर लॉन्च करते स्पॉट किया गया था। इस फिल्म में वे पहली बार मृणाल ठाकुर के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगें। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान आदित्य और मृणाल ने मीडिया से भी बात की। वर्धन केतकर द्वारा निर्देशित फिल्म 'गुमराह' तमिल फिल्म 'थडम' की रीमेक है। ये फिल्म 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बता दे की आदित्य रॉय कपूर की 'द नाइट मैनेजर' सीरीज काफी हिट रही थी।जहां दर्शको ने इस सीरीज की जमकर तारीफ की थी। साथ ही सीरीज में आदित्य रॉय कपूर की एक्टिंग की भी खूब तारीफ मिलते हुए देखी गयी थी।



# किसने तोड़ा कार्तिक आर्यन का दिल

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन कई सुपरहिट फिल्में देकर फैंस के दिल जीत चुके हैं। जब भी कार्तिक की कोई फिल्म आती है तो फैंस एक्साइटेड हो जाते हैं। वहीं, इन दिनों कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म सत्यप्रेम की कथा की शूटिंग में काफी बिजी चल रहे हैं। इसी बीच फिल्म के सेट से कार्तिक की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसे देखने के बाद फैंस टेंशन में आ गए हैं। आपको बता दें, कार्तिक आर्यन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनका अक्सर सोशल मीडिया पर मजाकिया अंदाज देखने को मिलता है। लेकिन इस बार वो कुछ परेशान नजर आ रहे हैं। दरअसल, खुद एक्टर ने अपनी एक ऐसी तस्वीर शेयर की है जिसमें वो ठीक नहीं लग रहे। यूजर्स भी अब उनसे सवाल करने लगे हैं कि उन्हें क्या हुआ है कुछ लोग तो ये सवाल करते भी नजर आए कि क्या आपका दिल टूट गया है आखिर ऐसा क्या है इस तस्वीर में जिसके बाद हर तरफ कार्तिक आर्यन के चर्चे हो रहे हैं तो चलिए आपको बताते हैं इस वायरल फोटो की कहानी। बता दें, एक्टर की शेयर की गई इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन उदास दिख रहे हैं। वो नीचे अपने हाथों की ओर देख रहे हैं और काफी सीरियस नजर आ रहे हैं। हालांकि इस तस्वीर का सच खुद कार्तिक ने कैप्शन में बताया हैं। कार्तिक ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, कुछ दिन जब आप एक सिन शूट करते



हैं और ये सिर्फ आपके साथ रहता है शूट पर दिल दहला देने वाला दिन।

हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK